मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

**मौसम**

तापमान 35 – 26
आर्द्रता 83%
सूर्योदय: 5:23 सूर्यास्त: 17:54

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये सुविचार : रि



बेंगलुरु ने मुंबई को 12 रन से हराया

–पृष्ठ 7




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## रुपया 32 पैसे टूटकर 85.76 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** 'शुल्क युद्ध' बढ़ने के बीच वैश्विक उथल-पुथल के माहौल और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे लुढ़ककर 85.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## प्रधानमंत्री मोदी कल नवकार महामंत्र दिवस को संबोधित करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नयी दिल्ली में 'नवकार महामंत्र दिवस' को संबोधित करेंगे। आधिकारिक बयान में कहा गया कि नवकार महामंत्र दिवस ''आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव'' है, जो जैन धर्म में सबसे अधिक पवित्र है। इस नवकार महामंत्र के सामूहिक जप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास किया जाता है। बयान में कहा गया कि 108 से अधिक देशों के लोग शांति और एकजुटता के लिए वैश्विक जप में शामिल होंगे।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से नवाजा गया

**लिस्बन :** लिस्बन के मेयर कार्लोस मोएदास ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'सिटी की ऑफ ऑनर' से नवाजे जाने के लिए आयोजित समारोह में उनका स्वागत करते हुए कहा, नमस्कार! राष्ट्रपति महोदया। आपका लिस्बन में स्वागत है। पुर्तगाल की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहुंचीं राष्ट्रपति को कैमारा म्युनिसिपल डी लिस्बोआ में सलामी गारद दिया गया। उन्हें नोबल सैलून' ले जाया गया, जहां उन्हें 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किए जाने के लिए समारोह आयोजित किया गया था तथा कक्ष वहां बसे भारतीयों से भरा हुआ था।

# नौकरी गंवाने वालों के साथ खड़े होने के लिए मैं जेल जाने को तैयार हूं : ममता



- कहा... 'नौकरी गंवाने वालों का सम्मान वापस दिलाने के लिए हरसंभव करेंगे प्रयास'
- मुख्यमंत्री ने उठाए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सवाल, जताई साजिश की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद स्कूली नौकरी गंवाने वाले योग्य उम्मीदवारों को सोमवार को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार सुनिश्चित करेगी कि वे बेरोजगार न रहें या उनकी सेवा में कोई रुकावट न आए। ममता ने कहा कि अगर कोई मुझे स्कूल की नौकरी गंवाने वालों के साथ खड़े होने के लिए सजा देना चाहता है तो मैं जेल जाने के लिए भी तैयार हूं। इस दिन, नेताजी इंडोर स्टेडियम में प्रभावित उम्मीदवारों और स्कूल कर्मचारियों के साथ बैठक में ममता ने कहा कि वह किसी भी योग्य उम्मीदवार की नौकरी रद्द नहीं होने देंगी। नौकरी खोने वालों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट से फैसले पर व्याख्या (विस्तृत विवरण) मांगेगी। यदि समस्या का समाधान अदालत में नहीं होता है, तो वह उन लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराएंगी जो कानून के अनुसार योग्य हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री ने यह नहीं बताया कि वह क्या वैकल्पिक व्यवस्था करेंगी। उन्होंने नौकरी खोने वालों को सलाह दी कि तब तक उन्हें स्वेच्छा से अपनी सेवाएं देनी चाहिए, जब तक उन्हें सरकार से बर्खास्तगी पत्र नहीं मिल जाता। यह न्यायालय की अवमानना नहीं होगी। क्योंकि, हर कोई स्वेच्छा से सेवाएं दे सकता है। यदि न्यायालय इस पर रोक भी लगा देता है तो राज्य सरकार दो महीने के भीतर योग्य लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर देगी। हम चाहते हैं कि मानवता के नाते सर्वोच्च न्यायालय हमें उन लोगों की सूची उपलब्ध कराए जो योग्य हैं और जो नहीं हैं। नौकरी गंवाने वालों ने मुख्यमंत्री के समक्ष आठ सूत्री मांगें रखी जिसमें उन्हें नौकरी लौटाना मुख्य थी।

### पूरी शिक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाने की साजिश

इस दौरान, ममता बनर्जी ने दो-हराया कि राज्य सरकार न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है और प्रशासन अत्यंत सावधानी और निष्पक्षता के साथ स्थिति को संभालने के लिए सक्रियता से कदम उठा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह दावा भी किया कि उनका नाम किसी ऐसी चीज में घसीटा जा रहा है जिसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने स्कूली नौकरियों में नियुक्ति संबंधी विसंगतियों का जिक्र करते हुए यह बात कही। उन्होंने विपक्षी भाजपा और माकपा का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा कि पूरी शिक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाने की साजिश है। कुछ लोग एक गंदा खेल खेल रहे हैं।

### समीक्षा याचिका के लिए वकीलों ने नाम बताए

ममता ने बैठक में वकीलों की एक सूची दी, जिन्हें राज्य सरकार नौकरियों को रद्द करने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में समीक्षा याचिका दायर करने और अदालत के फैसले पर व्याख्या मांगने के लिए नियुक्त करेगी। यह घोषणा की गई है कि अभिषेक मनु सिंघवी, कपिल सिब्बल, राकेश द्विवेदी, कल्याण बनर्जी, प्रशांत भूषण और देबांजन मंडल योग्य उम्मीदवारों के समर्थन में राज्य सरकार की ओर से कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।

### बर्खास्त शिक्षकों को शीघ्र रोजगार देने के लिए एक टास्क फोर्स गठित

नेताजी इंडोर स्टेडियम में बर्खास्त शिक्षकों के साथ बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बिना समय बर्बाद किए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 'बेरोज-गारों' को शीघ्र रोजगार देने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया। तृणमूल के राज्य महासचिवों में से एक कुणाल घोष ने सोशल मीडिया पर यह बयान दिया। कुणाल घोष ने कहा कि नेताजी इंडोर स्टेडियम की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने इस संबंध में मुख्य सचिव के नेतृत्व में एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें शिक्षा सचिव, कानूनी विशेषज्ञ, शिक्षक प्रतिनिधि और अन्य संबंधित व्यक्ति शामिल होंगे। एक्स हैंडल पर एक संदेश में कुणाल ने आगे कहा कि यह टास्क फोर्स उस प्रक्रिया की निगरानी करेगी जिसे मुख्यमंत्री ने कानूनी चैनलों के माध्यम से शुरू किया है, ताकि कोई देरी न हो और समाधान की दिशा में तेजी से काम किया जा सके। मुख्यमंत्री ने टास्क फोर्स को जटिल समस्याओं को दूर करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## 'योग्य हैं तो वॉलंटरी सर्विस क्यों दें', ममता के साथ बैठक के बाद बोले शिक्षक

ममता के आश्वासन से शिक्षक संतुष्ट नहीं हैं। शिक्षकों ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि जो योग्य शिक्षक हैं उनकी सर्विस जारी रहेगी। लेकिन, सवाल यह है कि सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर के बाद सर्विस कैसे जारी रहेगी। कोर्ट के ऑर्डर पर हमें रिट याचिका देनी होगी। इसके लिए हमारे पास मजबूत साक्ष्य होने चाहिए। अगर हम ऐसा करते हैं तो हमें सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल सकती है। ममता बनर्जी ने आश्वासन दिया है। इसलिए हम कुछ दिन इंतजार करेंगे। इसके बाद, कुछ बड़ा करने का विचार किया जाएगा। एक अन्य शिक्षक ने कहा कि हमें ममता बनर्जी की बैठक में कहा गया है कि हम स्कूलों में वॉलंटरी सर्विस दें। लेकिन, हम लोग तो परमानेंट टीचर हैं, तो हम वॉलंटरी सर्विस क्यों देंगे। आज अगर पुलिस डिपार्टमेंट के हर पैनल को कैंसिल कर दिया जाए तो क्या पुलिस कर्मी वॉलंटियर्स के तौर पर काम करेंगे। हम लोग बहुत उम्मीद के साथ यहां आए थे। हम बस यह चाहते हैं कि जिस जगह पर नौकरी कर रहे थे, वहां सम्मान के साथ आगे भी नौकरी करते रहें। ममता बनर्जी की सरकार इसे कैसे संभव बनाएगी, वह सरकार पर है। एक अन्य शिक्षक ने बताया कि ममता बनर्जी ने कहा कि स्कूल जाकर बच्चों को पढ़ाएं। हम लोग योग्य टीचर हैं। संविदा के तौर पर काम नहीं करेंगे। परमानेंट तौर पर हमें जितनी सैलरी मिल रही थी, उतनी हर माह चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो हम लोग आंदोलन करेंगे।

# व्यापार युद्ध की आशंका में शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स ने लगाया 2,227 अंक का गोता

**शेयर बाजार में भारी गिरावट से निवेशकों के 14.09 लाख करोड़ रुपये डूबे**

**मुंबई :** अमेरिका के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच सोमवार को भारत समेत दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क बढ़ाये जाने और चीन के जवाबी कदम से आर्थिक नरमी की आशंका के बीच बाजार में गिरावट आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत के नुकसान के साथ 73,137.90 अंक पर बंद हुआ।



कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक यानी 5.22 प्रतिशत तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत टूटकर 22,161.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 1,160.8 अंक तक लुढ़क गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 7.33 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि लार्सन एंड टुब्रो 5.78 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे आए।

## चीन जवाबी शुल्क वापस ले, नहीं तो अलग से 50 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे: ट्रंप

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी सीमा शुल्क को वापस न लेने की स्थिति में उस पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की सोमवार को धमकी दी। ट्रंप के इस बयान से दुनिया की दो शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध गहराने और वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता पैदा होने की आशंका बढ़ गई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट में कहा, ''अगर चीन आठ अप्रैल, 2025 तक अपने पहले से ही दीर्घकालिक व्यापार दुरुपयोगों से ऊपर 34 प्रतिशत की वृद्धि को वापस नहीं लेता है तो हम चीन पर 50 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाएंगे, जो नौ अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा।''

# रसोई गैस सिलेंडर, सीएनजी के दाम बढ़े

- पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में भी वृद्धि



**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर और सीएनजी की कीमत में एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी करने के साथ ही अपना राजस्व बढ़ाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क भी दो रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिया। हालांकि, पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर उत्पाद शुल्क में वृद्धि का कोई असर नहीं होगा। रसोई गैस की कीमत में बढ़ोतरी 'उज्ज्वला' योजना के तहत लाभान्वित गरीबों और सामान्य उपयोगकर्ताओं दोनों के लिए होगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि गैस कीमतों में 50 रुपये की वृद्धि आठ अप्रैल से प्रभावी होगी। मूल्यवृद्धि के बाद उज्जवला उपयोगकर्ताओं के लिए रसोई गैस की कीमत राष्ट्रीय राजधानी में 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये प्रति सिलेंडर हो जाएगी। वहीं सामान्य उपभोक्ताओं के लिए अब 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस वाले सिलेंडर की कीमत 853 रुपये हो जाएगी। रसोई गैस की कीमतें स्थानीय करों के आधार पर अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न हैं। पिछली बार मार्च, 2024 में इनमें 100 रुपये की कटौती की गई थी। इसके साथ ही सरकार ने पिछले सप्ताह प्राकृतिक गैस की कीमतों में लगभग चार प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के बाद राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमतें एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दीं। दिल्ली की गैस खुदरा विक्रेता इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में सीए-नजी की कीमत 75.09 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। इसके पहले सीएनजी बनाने में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस की कीमत एक अप्रैल से 6.50 डॉलर प्रति इकाई (एमबीटीयू) से बढ़ाकर 6.75 डॉलर कर दी गई थी। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में भी दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की, जिससे लगभग 32,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर राजस्व मिलेगा।

# दुबई के शहजादे 8 और 9 अप्रैल को भारत यात्रा पर

- प्रधानमंत्री, जयशंकर व राजनाथ से करेंगे मुलाकात



**नयी दिल्ली :** दुबई के शहजादे शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम 8 और 9 अप्रैल को भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही वह विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत करेंगे और भारत-यूएई संबंधों को मजबूत करने के लिए एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''दुबई के शहजादे, यूएई के उप-प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम 8-9 अप्रैल को भारत आएंगे।'' इसमें कहा गया है, ''दुबई के शहजादे के रूप में उनकी यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी।'' बयान के अनुसार शेख हमदान की यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है, जो 8 अप्रैल को शहजादा के लिए भोज की मेजबानी करेंगे।

## वक्फ कानून : वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सूचीबद्ध करने को लेकर विचार करने पर सोमवार को राजी हो गया। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार एवं न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की इस दलील पर गौर किया कि इस मुद्दे पर कई याचिकाएं दायर की गई हैं और उन्हें तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने की जरूरत है। सिब्बल के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और वकील निजाम पाशा ने भी तत्काल सुनवाई के लिए अन्य याचिकाओं का उल्लेख किया।

## पूर्व अनुमति श्रेणी के तहत विदेश से प्राप्त धन को चार साल में खर्च करना होगा: केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) की पूर्व अनुमति श्रेणी के तहत विदेश से धन प्राप्त करने वाले किसी संगठन को इसे चार साल के भीतर खर्च करना होगा। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि एफसीआरए के तहत पंजीकृत कोई भी संगठन आवेदन करके पूर्व अनुमति प्राप्त करने के बाद ही कोई विदेशी योगदान स्वीकार कर सकता है। अधिसूचना में कहा गया है कि ऐसी पूर्व अनुमति उन विशिष्ट गतिविधियों या परियोजनाओं के लिए मान्य होगी जिनके लिए वह प्राप्त की गई है तथा विशिष्ट स्रोत से ली गई है। अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार ने एफसीआरए की धारा 46 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया है कि विदेश से अंशदान प्राप्त करने और इस्तेमाल करने की वैधता अवधि पूर्व अनुमति के लिए आवेदन की मंजूरी की तारीख से क्रमशः तीन और चार वर्ष होगी। अधिसूचना में कहा गया है, ''विदेशी अंशदान प्राप्त करने की वैधता अवधि पूर्व अनुमति के लिए आवेदन की स्वीकृति की तिथि से तीन वर्ष होगी। उक्त विदेशी अंशदान का उपयोग करने की वैधता अवधि पूर्व अनुमति के लिए आवेदन की स्वीकृति की तिथि से चार वर्ष होगी।'' इसमें कहा गया है कि उपरोक्त समय सीमा के बाद विदेशी अंशदान की प्राप्ति या उपयोग एफसीआरए, 2010 का उल्लंघन माना जाएगा।

# सीमा की रक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात की जा रही है: अमित शाह



**जम्मू :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार देश की सीमाओं की रक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रही है और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ को विफल करने के लिए सीमा के आसपास सुरंगों का पता लगाने एवं उन्हें नष्ट करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा चौकी विनय के दौरे के दौरान बीएसएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने बल के योगदान की सराहना की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''हम सीमाओं पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रहे हैं, जिसके दो मॉडल हैं...अगर कुछ भी होता है (दुश्मन की तरफ से), तो आप तुरंत जवाब दे सकेंगे।'' शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी से सुगमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। गृह मंत्री ने कहा, ''साथ ही भूमिगत सुरंगों की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए तकनीकी साधन भी अपनाए जाएंगे।'' उन्होंने पूरे वर्ष सीमाओं की रक्षा करने में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समर्पण और निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि ''असली चुनौती तभी समझ में आती है जब कोई उस स्थान का दौरा करता है।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''ठंड, बारिश या भीषण गर्मी में जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो आप दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अग्रिम चौकियों पर 365 दिन और 24 घंटे तैनात रहते हैं।'' उन्होंने कहा, ''बीएसएफ का इतिहास उज्ज्वल है और पूरा देश राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका जानता है।'' शाह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ पिछले युद्धों में बीएसएफ का योगदान सेना के समान ही था।



## लाखों टन अनाज बर्बादी की जवाबदेही तय हो

जिस देश में करोड़ों लोग कुपोषण व खाद्यान्न की किल्लत से जूझ रहे हों, उसके सिर्फ एक राज्य में ही, चार साल में 8191 मीट्रिक टन अनाज सड़ जाए, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ नहीं हो सकता। हमारा गैर-जिम्मेदार तंत्र व अदूरदर्शी नेतृत्व इसकी जवाबदेही से बच नहीं सकता। ये लापरवाही की अंतहीन शृंखला की दुर्भाग्यपूर्ण परिणति है। किसानों के खून-पसीने से उपजी और कर दाता के धन से खरीदी गई लाखों टन उपज का यूं बर्बाद होना बताता है कि हमारे तंत्र में प्रबंधन से जुड़े अधिकारी कितने संवेदनहीन और गैर-जिम्मेदार हैं। चिंता की बात यह है कि पंजाब में साल-दर-साल बर्बाद होने वाले अनाज की मात्रा लगातार बढ़ती ही जा रही है। यानी इस संकट को अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। चिंता की बात यह कि जहां वर्ष 2022-23 में जहां करीब 264 मीट्रिक टन अनाज खराब हुआ था, वहीं वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 29 गुना बढ़ गया बताया जाता है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 7764 मीट्रिक टन हो गया बताया जाता है। जिस देश में तमाम लोग कुपोषण व भुखमरी का दंश झेलते हों, वहां ये आंकड़े शर्मशार करने वाले ही हैं। एक आकलन के अनुसार इस बर्बाद हुए अनाज से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सोलह लाख लोगों का पेट भरा जा सकता था। बताया जाता है कि खाद्यान्न की बर्बादी के इस आंकड़े का उल्लेख उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की रिपोर्ट में किया गया है। निश्चित रूप से साल-दर-साल बढ़ती अन्न की बर्बादी हमारी लचर भंडारण क्षमता पर सवाल खड़े करती है।

हरित क्रांति की सफलता का पंजाब को भरपूर लाभ मिला। किसानों ने भी पूरे मनोयोग से कंधा से कंधा लगाकर सहयोग दिया। तत्कालीन सत्ताधीशों की सजगता व सक्रियता से यह क्रांति परवान चढ़ी। कालांतर में धरती सोना उगलने लगी। देश की खाद्य शृंखला को मजबूत बनाने में पंजाब के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। लेकिन राज्य के सत्ताधीशों ने इस बहुमूल्य खाद्यान्न को सहेजने में दूरदर्शिता नहीं दिखाई। यदि सरकार समय रहते बड़े पैमाने पर अनाज के गोदाम बनाती तो आज ये संकट पैदा नहीं होता। भंडारण संकट के चलते ही किसान भी फसल की कटाई के बाद तुरंत फसल बेचने मंडियों की तरफ दौड़ता है। जिसके चलते बिचौलिए व आढ़ती औने-पौने दाम पर किसानों को फसल बेचने के लिये मजबूर कर देते हैं। जिससे किसान को उसकी उपज का वाजिब दाम न मिल पाने के कारण झेल रहा है, उसके मूल में भी अनाज भंडार व्यवस्था की खामियां भी हैं। बहरहाल, पंजाब में अनाज भंडार का जिम्मा संभालने वाले राज्य तंत्र तथा फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के लापरवाह अधिकारियों की इस आपराधिक लापरवाही की जवाबदेही तय करने की सख्त जरूरत है। दरअसल, सख्त कार्रवाई के अभाव में अधिकारी अपने गंभीर दायित्व के प्रति भी उदासीन बने रहते हैं। उन्हें विश्वास रहता है कि छोटी-मोटी कार्रवाई के बाद भी साफ बच जाएंगे। निस्संदेह, अनाज की बर्बादी पर शून्य सहिष्णुता की नीति अपनानी होगी।

## भारत, अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत में तेजी लाने की जरूरत: विशेषज्ञ

**नयी दिल्ली :** भारत को अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा में तेजी लानी चाहिए क्योंकि इस समझौते से तरजीही बाजार पहुंच सुनिश्चित करने, निवेशकों की सुरक्षा में सुधार करने और दोनों देशों के बीच प्रौद्योगिकी साझेदारी को प्रोत्साहित करने में मदद मिल सकती है। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के साझेदार रुद्र कुमार पांडे ने सोमवार को कहा कि यह समझौता भारत के लिए रसायन, दूरसंचार व चिकित्सकीय उपकरणों जैसे क्षेत्रों में लंबे समय से मौजूद गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण है, जिन्हें अमेरिकी शुल्क की घोषणा में स्पष्ट रूप से चिह्नित किया गया। उन्होंने कहा कि मानकों व परीक्षण मानदंडों के लिए पारस्परिक मान्यता समझौते (एमआरए) इन संवेदनशील क्षेत्रों में नियामक बाधा को कम करने और बाजार पहुंच में सुधार करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम साबित हो सकते हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 8 अप्रैल, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र शुक्लपक्ष एकादशी, 21:16 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 07:52 तक, योग : शुला, 18:10 तक, सूर्योदय: 5:27, सूर्यास्त: 17:53, चन्द्रोदय : 14:06, चन्द्रास्त: 02:39, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, अमान्ता महीना, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 14:44 से 16:17

## राशिफल

**मेष :** आज आपके मन में कामों को लेकर उलझन रहेगी। किसी दूसरी नौकरी का भी आपको ऑफर आने की संभावना है। परिवार में किसी दूर रह रहे परिजन की आपको याद सता सकती है।

**वृष :** आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे और पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनाए रखने की कोशिश करनी होगी। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में गिरावट आने से आप परेशान रहेंगे।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए आत्मविश्वास से भरपूर रहने वाला है। आपको वाहनों के प्रयोग से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका कोई विरोधी खड़ा हो सकता है।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। घर में बड़े बुजुर्गों से आपकी खूब पटेगी। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। ससुराल पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप अपने धन का कुछ हिस्सा गरीबों की सेवा में भी लगाएंगे।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके काम समय से पूरे होंगे, जिससे परिवार के सदस्य भी खुश रहेंगे। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को उनके कामों के लिए कोई पुरस्कार मिलेगा और उन्हें प्रमोशन आदि भी मिल सकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी कुछ विशेष व्यक्तियों से मुलाकात होगी। आप किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर अपने भाइयों से बात कर सकते हैं।

**मकर :** अआज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटेंगे। आपका धार्मिक कामों में आपका खूब मन लगेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। यदि आप अपने कार्यक्षेत्र के कामों में कोई बदलाव कर सके, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है।

**मीन :** आज आपको यदि किसी बात को लेकर क्रोध है, तो भी आप उसमें धैर्य बनाए रखें। कामकाज में आपको अच्छी तरक्की मिलेगी। आपको मानसिक तनाव रहने से आपकी समस्याएं बढ़ेगी।

# रिजर्व बैंक की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की उम्मीद

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक सोमवार को शुरू हुई। एमपीसी की बैठक में मुद्रास्फीति में नरमी और वृद्धि को तेज करने की जरूरत को देखते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती किए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा इस बैठक में अमेरिकी सरकार के भारत समेत करीब 60 देशों पर आयात




शुल्क बढ़ाने के फैसले से पैदा होने वाली चुनौतियों पर भी गौर किए जाने की संभावना है। गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा बुधवार को की जाएगी। गवर्नर के अलावा एमपीसी में आरबीआई के दो वरिष्ठ अधिकारी और सरकार द्वारा नियुक्त तीन सदस्य होते हैं। एमपीसी ने फरवरी में अपनी पिछली बैठक में प्रमुख ब्याज दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह मई, 2020 के बाद रेपो दर में पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई का दर-निर्धारण पैनल इस सप्ताह 0.25 प्रतिशत की एक और दर कटौती की घोषणा करेगा। एसबीआई की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यापार से संबंधित शुल्क बाधाओं, मुद्रा में तेज उतार-चढ़ाव और खंडित पूंजी प्रवाह के परस्पर संबद्ध प्रभावों के कारण वैश्विक वृद्धि को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## वित्त मंत्रालय सरकारी बैंकों के प्रमुखों के साथ करेगा बैठक, वित्तीय प्रदर्शन की होगी समीक्षा

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन की समीक्षा करने और वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जन-धन योजना और मुद्रा योजना सहित सरकार की प्रमुख योजनाओं के लक्ष्यों पर चर्चा करने के लिए 17 अप्रैल को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों की बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू करेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक में 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान बैंकों के वित्तीय प्रदर्शन पर भी चर्चा होगी और पीएम स्वनिधि योजनाओं सहित वित्तीय समावेश से जुड़ी योजनाओं के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाएंगे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर अवधि में 1.29 लाख करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ कमाया है। यह सालाना आधार पर 31.3 प्रतिशत की वृद्धि है।

## सीतारमण नौ अप्रैल को लंदन में भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता में लेंगी भाग

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया की एक सप्ताह की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान वह भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के अलावा निवेशक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। अपनी यात्रा के दौरान सीतारमण भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के 13वें मंत्रिस्तरीय दौर में शामिल होंगी। इसके अलावा वह द्विपक्षीय बैठकों, ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया में शोध संस्थानों, निवेशकों, कारोबार जगत के लोगों के साथ बातचीत करेंगी।

## अदाणी के कोलंबो टर्मिनल ने परिचालन शुरू किया

**नयी दिल्ली :** अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) ने सोमवार को कहा कि उसने श्रीलंका में कोलंबो वेस्ट इंटरनेशनल टर्मिनल पर अपना परिचालन शुरू कर दिया है। एपीएसईज़ेड ने बयान में कहा कि सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित सीडब्ल्यूआईटी का संचालन एक संघ द्वारा किया जाता है - जिसमें 35 साल के निर्माण, संचालन और हस्तांतरण (बीओटी) समझौते के तहत भारत का सबसे बड़ी बंदरगाह संचालक एपीएसईज़ेड, प्रमुख श्रीलंकाई समूह जॉन कील्स होल्डिंग्स पीएलसी और श्रीलंकाई बंदरगाह प्राधिकरण शामिल हैं।

## भारत का अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क केवल सात-आठ प्रतिशत: गोयल

**मुंबई :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत का अमेरिकी उत्पादों पर लागू शुल्क सिर्फ सात-आठ प्रतिशत है और यह बहुत अधिक नहीं है। गोयल ने अमेरिका के साथ चल रही बातचीत के बारे में जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि भारत का मानना है कि वह उन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते कर सकता है जो निष्पक्ष व्यापार गतिविधियों का पालन करते हैं। अमेरिका ने भारत पर हाल ही में 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। वाणिज्य मंत्री ने चीन पर निशाना



साधते हुए कहा कि उसके अनुचित तौर-तरीकों ने दुनिया को वर्तमान मोड़ पर ला खड़ा किया है। उन्होंने साफ किया कि चीन की कार विनिर्माता बीवाईडी का भारत में प्रवेश वर्तमान स्थिति में स्वागत-योग्य नहीं है। गोयल ने कहा कि हम वैश्वीकरण से अलग होने के युग में नहीं बल्कि पुनः वैश्वीकरण के युग में हैं। यदि निष्पक्ष गतिविधियों का सम्मान करने वाले देश एक साथ आते हैं तो वर्तमान स्थिति भारत के लिए एक अच्छा अवसर प्रदान कर सकती है। अमेरिकी शुल्क संकट पर गोयल ने स्पष्ट किया कि भारत के शुल्क अनुचित व्यापार के खिलाफ सुरक्षा तथा डंपिंग जैसे पहलुओं में शामिल अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ एक ढाल है।

## ट्रंप के खिलाफ हजारों की संख्या में सड़कों पर क्यों उतरी अमेरिकी जनता

ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन के बाद सबसे बड़ा विद्रोह

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद से ही पूरी दुनिया में हड़कंप मचा है। न सिर्फ दूसरे देश के लोग बल्कि अब तो अमेरिका के नागरिक और नेता भी ट्रंप के खिलाफ होते दिख रहे हैं। अमेरिका के 50 राज्यों में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग ट्रंप की टैरिफ नीति का विरोध करते हुए- 'ट्रंप-मस्क गो बैक' के नारे लगा रहे हैं। ट्रंप का विरोध टैरिफ की वजह से हो रही छंटनी, अर्थव्यवस्था और मानवाधिकार के मुद्दे पर हो रहा है। जहां कुछ ही वक्त पहले ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर अमेरिकी जनता जश्न मना रही थी वहीं अब सिविल राइट्स ग्रुप, श्रमिक संघ, एलजीबीटीक्यू और महिला अधिकारों से जुड़े ग्रुप ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उनका विरोध कर रहे हैं।



ट्रंप के खिलाफ 1200 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन

शनिवार को ट्रंप के खिलाफ 1200 से अधिक जगहों पर प्रदर्शन हुए। इस दौरान हजारों की संख्या में लोगों को सड़कों पर देखा गया। बीते पांच अप्रैल को 'हैंड्स ऑफ' प्रोटेस्ट प्रदर्शन शुरू हुआ था। यह विरोध प्रदर्शन ट्रंप प्रशासन की नीतियों के खिलाफ था। प्रदर्शन खासकर ट्रंप के छंटनी और सामूहिक डिपोर्टेशन की नीति के खिलाफ किया गया था। वाशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल से लेकर मैनहैटन और बॉस्टन तक प्रदर्शनकारियों ने शनिवार को ट्रंप और मस्क के खिलाफ नारे लगाए। वो लगातार नारे लगाते हुए कह रहे थे- कुलीनतंत्र से लड़ो

## सोना 1,550 रुपये टूटकर 91,450 रुपये पर, चांदी 3,000 रुपये लुढ़की

**नयी दिल्ली :** कमजोर वैश्विक रुख के साथ ही आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की भारी बिकवाली के चलते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव 1,550 रुपये टूटकर 91,450 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शुक्रवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,350 रुपये टूटकर 93,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,550 रुपये लुढ़ककर 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जो पिछले कारोबारी सत्र में 92,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, ''सोमवार को सोने की कीमत में गिरावट आई... क्योंकि शेयर बाजार और अन्य परिसंपत्ति वर्गों में घबराहटपूर्ण बिकवाली जारी है, जिससे सुरक्षित निवेश वाली कीमती धातुओं पर दबाव बना हुआ है।''

## माल्या का दावा, भारतीय बैंकों ने उनपर बकाया के मुकाबले दोगुना वसूला

**नयी दिल्ली :** भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या ने दावा किया है कि भारतीय बैंकों के पास उनकी 14,131.6 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां है जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बकाया कर्ज से दोगुना से भी अधिक है। माल्या ने वित्त मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 में जानबूझकर चूक करने वालों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की वसूली के विवरण का कथित संदर्भ देते हुए कहा कि बैंकों ने ऋण वसूली न्यायाधिकरण के दिए गए 6,203 करोड़ रुपये के मुकाबले 14,131.8 करोड़ रुपये पहले ही वसूल लिए हैं। माल्या ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''ऋण वसूली



न्यायाधिकरण के निर्णय के अनुसार, 6,203 करोड़ रुपये के कर्ज के खिलाफ 14,131.8 करोड़ रुपये की वसूली की गई। इसका सबूत मेरे यूके (यूनाइटेड किंगडम) दिवाला निरस्त करने के आवेदन में है। मुझे आश्चर्य है कि बैंक ब्रिटेन की अदालत में क्या कहेंगे।'' रिपोर्ट में माल्या और 10 अन्य भगोड़े आर्थिक अपराधियों का विवरण साझा करते हुए कहा गया है कि 36 व्यक्तियों के संबंध में विभिन्न देशों को कुल 44 प्रत्यर्पण अनुरोध भेजे गए हैं। मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, माल्या के मामले में कुर्क की गई 14,131.6 करोड़ रुपये की संपत्तियां सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के हवाले कर दी गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रयासों के परिणामस्वरूप विभिन्न भगोड़े आर्थिक अपराधियों और अन्य आरोपियों के प्रत्यर्पण में विदेश में सक्षम न्यायालय के समक्ष सफल प्रतिनिधित्व हुआ है।

## 'एआई-लार्ज लैंग्वेज मॉडल' के उपयोग को लेकर मूल्यांकन अंतिम चरण में : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि 'एआई-लार्ज लैंग्वेज मॉडल' के उपयोग को लेकर मूल्यांकन अंतिम चरण में है और अगले कुछ सप्ताह में सरकार उन संस्थाओं का चयन कर लेगी, जिन्हें भारत कृत्रिम मेधा (एआई) मिशन के तहत वित्तपोषण मिलेगा। 'लार्ज लैंग्वेज मॉडल' (एलएलएम) एक प्रकार की कृत्रिम मेधा है जो मानव भाषा को प्रसंस्कृत करने, समझने और उत्पन्न करने के लिहाज से उत्कृष्ट है। वैष्णव ने दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) में सेमीकंडक्टर और माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के लिए विनोद धाम उत्कृष्टता केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''एआई एलएलएम अनुप्रयोगों का मूल्यांकन अपने अंतिम चरण में है। अगले कुछ हफ्तों में हम पहले कुछ एलएलएम मॉडल टीमों के चयन में सक्षम होंगे, जिन्हें एआई मिशन के तहत वित्तपोषण मिलना शुरू हो जाएगा।'' मंत्री ने फरवरी में घोषणा की थी कि अगले




18 महीनों में भारत का अपना एआई मंच होगा, जिसके लिए सरकार ने प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इस परियोजना के लिए 67 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब उद्योगों ने एआई एप्लिकेशन बनाना शुरू कर दिया है और उनमें से कई को एआई मिशन से मान्यता मिली है। मंत्री ने कहा, ''जैसा कि आप जानते हैं, एआई मिशन के तहत हमें मिले पहले 14,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) के बाद, दूसरे चरण की संस्थाओं के चयन की प्रक्रिया चल रही है और हमें समान रूप से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इसका मतलब है कि हमारे स्टार्टअप समुदाय और एआई शोधकर्ताओं को आने वाले दिनों में बहुत बड़ी जीपीयू कंप्यूटिंग सुविधा मिलेगी।''

## उपभोक्ता आयोग बीमा पॉलिसी के तहत मुआवजा राशि पर फिर से गौर करे: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग (एनसीडीआरसी) को निर्देश दिया कि वह 2005 में एक कंपनी को हुए नुकसान के लिए बीमा पॉलिसी के तहत दी जाने वाली मुआवजा राशि पर नये सिरे से विचार करे। न्यायाधीश संजय कुमार और न्यायाधीश ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ एनसीडीआरसी के अगस्त, 2022 के आदेश के खिलाफ बीमा कंपनी की अपील पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। एनसीडीआरसी ने माना कि बीमा कंपनी आगरा की कंपनी को अपनी पॉलिसी के तहत मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी है। कंपनी को कारखाना का 'शेड' ढहने के कारण नुकसान हुआ था। न्यायालय ने कहा कि कंपनी ने बीमा प्रदाता से आग और विशेष खतरों के खिलाफ एक व्यापक बीमा पॉलिसी ले रखी थी और यह पॉलिसी 30 जून, 2005 से 29 जून, 2006 तक प्रभावी थी। एक अगस्त, 2005 को भारी बारिश के कारण कारखाना शेड ढह गया और संयंत्र, मशीनरी, भंडार और इमारतों को नुकसान पहुंचा। पीठ ने कहा कि कंपनी ने 91 लाख रुपये का बीमा दावा किया। इसके बाद बीमा कंपनी ने एक सर्वेक्षक नियुक्त किया, जिसने नुकसान का आकलन 8.89 लाख रुपये किया।



## अमेरिकी शुल्क से भारत में विनिर्माता 'बहुत' चिंतित नहीं: आईटी सचिव कृष्णन

**नयी दिल्ली :** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विनिर्माता भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार अमेरिका द्वारा हाल ही में आयात शुल्क में की गई बढ़ोतरी से 'बहुत' चिंतित नहीं हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने सोमवार को यह बात कही। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसका प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि शुल्क की स्थिति आगे क्या होती है। कृष्णन ने इंडियन कंप्यूटर इमर्जेंसी रिस्पांस टीम (सर्ट-इन) कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, ''हम भारत में विनिर्माताओं के साथ इस बारे में परामर्श कर रहे हैं। इसके बारे में हम उनसे निरंतर बात कर रहे हैं। वे अभी बहुत चिंतित नहीं हैं, लेकिन यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि यह पूरी स्थिति कैसे होती है। यह एक गतिशील स्थिति है।'' अमेरिका ने दो अप्रैल को भारतीय उत्पादों पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क लगाया है, जो नौ अप्रैल से प्रभावी होगा। क्षेत्र की कंपनियों का मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में भारतीय उद्योग बेहतर स्थिति में हैं। अमेरिका ने जहां भारत पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है, वहीं उसके प्रतिस्पर्धी वियतनाम पर 46 प्रतिशत, चीन पर 34 प्रतिशत, इंडोनेशिया पर 32 प्रतिशत, ताइवान पर 32 प्रतिशत तथा थाईलैंड पर 36 प्रतिशत शुल्क लगाया है।

## पाकिस्तान शेयर बाजार में 8,000 अंक की भारी गिरावट के बाद कारोबार एक घंटे के लिए रोका गया

**कराची :** पाकिस्तान के शेयर बाजार (पीएसएक्स) में सोमवार को बेंचमार्क केएसई-100 सूचकांक में 8,000 से अधिक अंक की गिरावट के कारण एक घंटे के लिए कारोबार स्थगित कर दिया गया। वित्तीय विश्लेषकों ने शेयर बाजार में भारी गिरावट के लिए वैश्विक मंदी की आशंका को जिम्मेदार ठहराया। एक घंटे की स्थगन अवधि के बाद भी, कारोबार फिर से शुरू होने पर पीएसएक्स में 2,000 अंक की और गिरावट आई, जिसके परिणामस्वरूप दिन में कारोबार में यह रिकॉर्ड 8,600 अंक तक टूट गया। सूचकांक पिछले बंद स्तर से 3,882.18 या 3.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,14,909.48 पर बंद हुआ। आरिफ हबीब सिक्योरिटीज की वित्तीय विश्लेषक उज्मा खान ने कहा कि स्वचालित 'सर्किट ब्रेकर' (कारोबार की उच्चतम या निम्नतम सीमा जिससे आगे घटने या बढ़ने पर एक निश्चित समय तक कारोबार रोक दिया जाता है) घबराहटपूर्ण बिकवाली को रोकने और निवेशकों को अत्यधिक बाजार अस्थिरता के दौरान पुनर्मूल्यांकन करने का समय देने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3056

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | ■ | 15 | | ■ | 16 | | ■ | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | | |
| ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | ■ | | ■ | ■ |
| 28 | ■ | | ■ | 29 | | | | ■ | 30 |
| 31 | | | | | | ■ | 32 | | |

**बायें से दायें:-** 1) अस्पष्ट *(उच्चार, प्रकाश)*, 4) आशा तो है; न जाने, 7) कुत्ता, 9) पवन, 11) दुर्भिक्ष, 12) फ़िदा होना; अरथी उठना, 14) शाश्वत; अमर; दीर्घकाल, 15) वृक्ष का धड़, 16) मायाजाल; सौंदर्य; तिलिस्म; मोहिनी; *मैजिक*; *कैरिज़्मा*, 17) छोटी बुंदियों का लड्डू, 19) एक पालतू पशु, 20) अंजाम; सीमा; मृत्यु, 21) दुर्व्यसन, 22) आधी घरवाली, 23) बादल, 25) जीभ, 29) आरोहअवरोहहीन; न ऊँचा न नीचा, 31) चटपट, 32) एक मिठाई.

**ऊपर से नीचे:-** 2) सादृश्य; उपमा; तुलना; उदाहरण, 3) पुंल्लिंगीय, 4) कवि, 5) क्षमता; *स्टैमिना*, 6) इधर-उधर फैला हुआ, 8) भेड़ का बच्चा, 10) दिलचस्पी, 11) अमूल्य, 13) अनैतिक; अवैध, 15) ललचाना, 18) एक पक्षी, 20) सूरदास की तरह, 24) ऊपर तक भरा हुआ, 26) शरीफ़, 27) शांतिकाल; सुरक्षा, 28) आशीर्वाद, 29) संवत्सर; जूट; पटसन, 30) बहुत.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पु | ■ | सा | रं | गी | ■ | त | था | ग | त |
| ला | ■ | धा | ■ | त | ब | ला | ■ | ह | ल |
| व | गै | र | ह | ■ | द | श | ह | रा | ■ |
| ■ | ■ | ■ | जा | मु | न | ■ | ल | ■ | ठी |
| आ | र | पा | र | ■ | सी | ■ | दी | प | क |
| ■ | ब | री | ■ | कं | ब | ल | ■ | द | ■ |
| मं | डी | ■ | अं | क | ■ | ट | प | क | ना |
| ज़ | ■ | अ | क | ड़ | ■ | का | ■ | ■ | वि |
| र | म | जा | न | ■ | अ | ना | व | श्य | क |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 9 | | | | 6 | | |
| | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 3 | 4 | | | | | |
| | | | | 5 | | 8 | | 1 |
| 2 | | | | | | | | |
| | | | | 6 | 1 | | | |
| 3 | 2 | | | | | | | |
| | | | | | | | 7 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3015 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 1 | 6 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 2 | 7 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 4 | 3 | 9 |
| 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 2 | 7 |

# शुभेंदु अधिकारी ने स्कूल की नौकरियां रद्द होने के लिए ममता बनर्जी को दोषी ठहराया, नवान्न अभियान की दी चेतावनी

❑ **बेरोजगार शिक्षकों के एक वर्ग ने विपक्षी नेता से की मुलाकात, भाजपा विधायक ने कानूनी सहायता का दिया आश्वासन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को करीब 26,000 स्कूली नौकरियां रद्द होने के लिए सोमवार को जिम्मेदार ठहराया और उनकी सरकार पर योग्य एवं दागी उम्मीदवारों की सूची उच्चतम न्यायालय को सौंपने में बार-बार विफल रहने का आरोप लगाया। इस दिन, विधानसभा के बाहर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि कई मौके मिलने के बावजूद राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत द्वारा मांगी गई सूची कभी पेश नहीं की। उन्होंने बर्खास्त किए गए शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक



कर्मचारियों से उच्चतम न्यायालय के समक्ष समीक्षा याचिका दायर करने का आग्रह किया और घोषणा की कि यदि जरूरी हुआ तो भाजपा के विधायक कानूनी खर्च वहन करेंगे। विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार के पास अभी भी मौका है। 15 अप्रैल तक सूची सौंप दें। अन्यथा, 21 अप्रैल को हम एक लाख लोगों के साथ 'नवान्न' तक मार्च करेंगे। यह एक गैर-राजनीतिक, जनता का आंदोलन होगा। जरूरत पड़ी तो हम धरने पर बैठेंगे और इस सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे। उन्होंने ममता बनर्जी को व्यक्तिगत रूप से योग्य उम्मीदवारों की सूची अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने की चुनौती भी दी। अधिकारी ने कहा कि आप दावा करती हैं कि केवल योग्य उम्मीदवारों को ही नौकरी दी गई। अगर यह सच है, तो आप खुद सूची प्रस्तुत करें। अदालत को फैसला करने दें। अगर आप ऐसा नहीं कर सकती हैं, तो 2.3 लाख उम्मीदवारों को फिर से परीक्षा देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। अधिकारी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की स्वायत्तता को नष्ट कर दिया और इसे स्वतंत्र रूप से काम करने से रोक दिया। उन्होंने कहा कि सीबीआई की बदौलत कई योग्य उम्मीदवारों की पहचान हो गई। अन्यथा, सामाजिक अशांति कहीं अधिक बदतर होती। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय के पिछले आदेश को स्वीकार कर लिया होता, तो 19,000 शिक्षकों की नौकरी नहीं जाती। अधिकारी ने कहा कि इसके बजाय, ममता सरकार के पास प्लान बी और सी है – बेरोजगारों को 10,000 रुपये प्रति माह देकर नागरिक शिक्षक बनाना। हम प्लान ए चाहते हैं: न्याय और नौकरियों की बहाली। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी पर केवल कुछ चुनिंदा लोगों का पक्ष लेने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री नहीं हैं, वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता हैं। मुख्यमंत्री को सभी बर्खास्त शिक्षकों से मिलना चाहिए, न कि सिर्फ मुट्ठी भर शिक्षकों से। इससे पहले, अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने विधानसभा के बाहर नारेबाजी करते हुए और 'टीएमसी चोर' लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक ने कहा कि आज मैं 20-25 शिक्षकों से मिला जिनमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। वे दुखी हैं। मैंने उनसे कहा कि कानून आपके पक्ष में है। सत्य आपके पक्ष में है। मैंने कहा कि हम आपको कानूनी सहायता देंगे। उन्होंने दावा किया कि 26,000 प्रभावित उम्मीदवारों में से सरकार ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री के साथ बातचीत के लिए केवल 7,000 को ही चुना। अधिकारी ने दावा किया कि ममता बनर्जी ने किसी भी पीड़ित शिक्षक को बोलने की अनुमति नहीं दी। बातचीत का नाटक किया गया। कई योग्य उम्मीदवारों को कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करने की भी अनुमति नहीं दी गई।

# बैठक से पहले नेताजी इंडोर स्टेडियम के सामने हंगामा, प्रवेश को लेकर छिड़ा विवाद

❑ **हालात संभालने पहुंचे पुलिस आयुक्त व डीसी सेंट्रल**

❑ **फर्जी पास के जरिए बैठक में घुसने के आरोप में एक गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक और शिक्षा कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द करने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद, प्रदेश भर में लगभग 26 हजार नौकरी से वंचितों के बीच हाहाकार मच गया है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सोमवार को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में नौकरी से वंचित अभ्यर्थियों के साथ बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री उन्हें आगे की राह दिखाने का प्रयास की। बैठक से पहले सोमवार की सुबह से ही नेताजी इंडोर स्टेडियम के बाहर माहौल तनावपूर्ण हो गया। सुबह बड़ी संख्या में नौकरी से वंचित अभ्यर्थी शहीद मीनार से ओएमआर शीट लेकर स्टेडियम की ओर रवाना हुए। इसी दौरान बैठक में शामिल होने के लिए 'हम योग्य हैं' लिखे पास को लेकर विवाद खड़ा हो गया। कुछ अभ्यर्थियों ने स्टेडियम के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा कि हम सबको बैठक में शामिल होने का अधिकार होना चाहिए। उनकी मांग थी कि चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित किया जाए। बाबूघाट इलाके में भी नौकरी से वंचित अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया और 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगाए। नेताजी इंडोर स्टेडियम के सामने एक बड़े समूह ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाते हुए माइकिंग कर शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने जिन अभ्यर्थियों के पास प्रवेश पत्र नहीं थे, उनसे प्रदर्शन से बचने और इंतजार करने की अपील की। वहीं, जिन्हें पास मिला था, उन्हें एक वैकल्पिक मार्ग से स्टेडियम में प्रवेश कराया गया। कुछ नौकरी से वंचितों ने ऐलान किया, हमें नौकरी दी जाए या हम स्वेच्छा से मृत्यु को अपनाएंगे। हालात की गंभीरता को देखते हुए डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखर्जी और बाद में कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस बल ने लगातार माइकिंग कर भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाते हुए जिनके पास पास नहीं था, उनसे प्रदर्शन से दूर रहने की अपील की। वहीं, पास धारकों को वैकल्पिक मार्ग से भीतर प्रवेश कराया गया। फर्जी दस्तावेज दिखाकर 'पास' हासिल करने की कोशिश करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। उसे नेताजी इंडोर स्टेडियम के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया और एक वैन में ले जाया गया। यही नहीं, इस दौरान यहां कथित योग्य और आयोग्य लोगों में इंडोर में प्रवेश को लेकर मारपीट, धक्का मुक्की भी हुई।

## तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को राम-बाम साजिश करार दिया

❑ **26 हजार शिक्षक और अशिक्षकीय कर्मियों को न्याय दिलाने की मांग पर सड़क पर उतरेगी तृणमूल**



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नेताजी इंडोर स्टेडियम में हुई सभा से सीधे सवाल उठाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पीछे कहीं कोई खेल तो नहीं? राज्य में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के 26,000 शिक्षक और अशिक्षकीय कर्मियों की नौकरी चली जाने के बाद पूरे प्रदेश में एक बार फिर राजनीति गर्म हो गई है। तृणमूल कांग्रेस ने इस निर्णय को राम-बाम साजिश करार देते हुए इसे अन्याय बताया है और अब न्याय की मांग को लेकर राज्यभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। सोमवार शाम तृणमूल के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने पत्रकार सम्मेलन कर पार्टी के आंदोलन की रणनीति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल को तृणमूल छात्र परिषद कॉलेज स्कायर से धर्मतल्ला तक एक विशाल विरोध रैली निकालेगी। इसके बाद 11 अप्रैल को पूरे राज्य में-कोलकाता से लेकर सभी जिलों, ब्लॉकों, टाउन और वार्ड स्तर तक-विरोध कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कुणाल घोष ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से 26 हजार परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ये लोग वर्षों से शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रहे थे और अब अचानक बिना किसी दोष के उनकी आजीविका छीन ली गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा और वामपंथी ताकतें मिलकर राज्य की शिक्षा व्यवस्था को अस्थिर करने की साजिश रच रही हैं और अदालतों में भी उस राजनीति का असर देखा जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस इस फैसले के खिलाफ पूरी ताकत से आवाज़ उठाएगी और जब तक इन लोगों को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा। राजनीतिक गलियारों में यह विरोध प्रदर्शन बड़ा मुद्दा बन चुका है और आगामी दिनों में यह बंगाल की राजनीति में एक निर्णायक मोड़ ला सकता है।

## भाजपा के कालीघाट अभियान से पहले तनाव, प्रदर्शन से पहले लॉकेट चटर्जी समेत कई नेता लिए गए पुलिस हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 25 हजार से अधिकारी शिक्षकों की नियुक्ति रद्द किए जाने को लेकर भाजपा ने ममता बनर्जी सरकार को घेरा है। सोमवार को कोलकाता में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस पर, पुलिस ने भाजपा नेता लॉकेट चटर्जी और पार्टी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। भाजपा नेताओं का आरोप है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्कूली शिक्षकों के हितों की रक्षा करने में विफल रहीं, जिन्होंने ईमानदारी से नौकरी पाई है। इस दिन, नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता का विरोध करते हुए भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा ने एक्साइड क्रॉसिंग से कालीघाट तक लगभग दो किलोमीटर दूरी तक मार्च



निकालने की तैयारी की थी। भाजयुमो के एक पदाधिकारी ने बताया कि मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस कर्मियों ने मार्च शुरू करने से पहले पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और अन्य पदाधिकारियों को उस समय हिरासत में ले लिया। जब चटर्जी और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को पुलिस वाहन में लेकर जाया जा रहा था तब उन्होंने राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान, एक्साइड मोड़ पर भाजपाइयों और पुलिस के बीच हाथापाई और बहस के कारण माहौल गरमा गया। कुछ देर के लिए यातायात भी रुक गया।

## भाजपा सांसद ने सुप्रीम कोर्ट पर ममता की टिप्पणी का विरोध करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को वंचित शिक्षकों के एक सम्मेलन में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद अपने अगले कदमों की घोषणा की। उन्होंने उस संदर्भ में फैसले के कई हिस्सों पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कुछ सवाल भी उठाए। भाजपा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उन टिप्पणियों और सवालों से न्यायपालिका का अपमान हुआ है। पुरुलिया से भाजपा सांसद ने न्यायपालिका पर ममता बनर्जी की टिप्पणी के लिए स्वत: संज्ञान लेकर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, उन्होंने कहा है कि राज्य निधि के



वित्तीय स्रोतों की भी जांच की जानी चाहिए। इस दिन, मुख्यमंत्री की टिप्पणियों के बाद पुरुलिया से भाजपा सांसद ने देश के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को एक पत्र लिखा। पत्र में, उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री शिक्षा भ्रष्टाचार को छिपाने और 'अक्षम' लोगों को बचाने के लिए न्यायपालिका पर सवाल उठा रही हैं, जो बिल्कुल भी वांछनीय नहीं है। सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय में तीन सूत्रीय याचिका प्रस्तुत की है, जिसमें शीर्ष अदालत से स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को यह भी जांच करनी चाहिए कि राज्य के खजाने में पैसा कहां से आ रहा है। उन्होंने यह भी मांग की कि न्यायपालिका पर लगातार हमला करने वालों को उचित सजा दी जाए। इसके साथ ही ज्योतिर्मय सिंह महतो ने आगे आरोप लगाया कि तृणमूल के जनप्रतिनिधि अक्सर न्यायाधीशों और न्यायपालिका के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। पुरुलिया के सांसद ने सर्वोच्च न्यायालय का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि उन्हें उचित सजा दी जाए।

## राज्य की शिक्षा व्यवस्था बर्बाद कर दी, ममता को जेल में होना चाहिए : सुकांत मजूमदार

**केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री पर लगाया घोटाले में शामिल लोगों को बचाने का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व प्रदेश भाजपा सुकांत मजूमदार ने सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर राज्य की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद करने का आरोप लगाया और मांग की कि उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। मजूमदार ने कहा कि ममता बनर्जी ने बंगाल की शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। अगली 10 पीढ़ियां इसका खामियाजा भुगतेंगी और ममता बनर्जी इसके लिए जिम्मेदार हैं और उन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया जाना चाहिए। उन्होंने ममता और उनकी सरकार पर 25,000 से अधिक शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नौकरियों के नुकसान करने और उन पर घोटाले में शामिल लोगों को बचाने का आरोप लगाया। साथ ही, कहा कि



इतने सारे लोगों की नौकरी चली गई है। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? यह ममता बनर्जी और उनका मंत्रिमंडल है। क्या उन्होंने कभी स्वीकार किया कि उनके नेता ही भ्रष्टाचार कर रहे थे? मजूमदार ने कहा कि अगर वह (ममता बनर्जी) ईमानदार होतीं, तो उन्हें भ्रष्टाचार में शामिल लोगों को बाहर निकाल देना चाहिए था। लेकिन आप इसमें शामिल हैं, इसलिए आप उन्हें बचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। 16 अप्रैल को हम शिक्षक भर्ती घोटाले के खिलाफ यहां एक विरोध रैली निकालेंगे और ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करेंगे।

## बंगाल बोर्ड ने 25 हजार से अधिक नौकरियों को रद्द करने के आदेश में संशोधन की मांग, याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की, जिसमें पिछले सप्ताह 25,000 से अधिक स्कूल नौकरियों को निरस्त करने के आदेश में 'संशोधन' की मांग की गई है। बंगाल बोर्ड के एक उच्च स्तरीय सूत्र ने बताया कि बोर्ड के वकील ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि उन 'योग्य' उम्मीदवारों को आगामी शैक्षिक वर्ष के अंत तक या नए भर्ती प्रक्रिया के शुरू होने तक अपनी ड्यूटी पर बने रहने की अनुमति दी जाए, जो भी पहले हो। हालांकि, बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गांगुली ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इंकार किया। उल्लेखनीय है कि गत 3 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने 2016 में हुई भर्ती प्रक्रिया में व्यापक अनियमितताओं का हवाला देते हुए राज्य के 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को निरस्त कर दिया। इनमें से अधिकांश कर्मचारी स्कूलों में सेकेंडरी स्तर पर काम कर रहे थे। आयोग के अध्यक्ष सिद्धार्थ मजूमदार ने कहा कि आयोग सुप्रीम कोर्ट से आदेश पर कुछ स्पष्टताएं प्राप्त करने के लिए जल्द ही याचिका दायर करेगा।


**NAME & D.O.B CHANGE**

I, Geetha Vijayan, mother of No 15704329A, Rank- NK, Name- Mithun Vijayan presently R/o House No. E/22A Gali No 2. Harinagar, Jaitpur, South Delhi, Delhi- 110044. do hereby declared that my name wrongly mentioned as Geeta Vijayan and D.O.B is 01.07.1967 instead of name Geetha Vijayan and D.O.B- 07.02.1966 in my son's service records that I will be known as Geetha Vijayan and D.O.B is 07.02.1966 by Vide affidavit before the Notary Public Govt. of W.B, Biplab Sardar. Regd. No. 06/2016. dated 02.04.2025.

**NAME & D.O.B CHANGE**

I, Kannanakuzhy Vijayan Nair father of No.15704329A, Rank- NK, Name- Mithun Vijayan presently R/o House No.E/22A Gali No 2. Harinagar, Jaitpur, South Delhi, Delhi- 110044. do hereby declared that my name wrongly mentioned as K Vijayan Nair and D.O.B is 01.07.1965 instead of name Kannanakuzhy Vijayan Nair and D.O.B- 15.11.1957 in my son's service records that I will be known as Kannanakuzhy Vijayan Nair and D.O.B is 15.11.1957 by Vide affidavit before the Notary Public Govt. of W.B Biplab Sardar. Regd. No. 06/2016. On- 02.04.2025.

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/659, दिनांक 04.04.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं : **क्रम सं. 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3339, कार्य का नाम :** 1) "एईएन/कटवा के अधीन अहमदपुर-कटवा शाखा में किमी.37/1-2 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 14/सी/ई के स्थान में सीमित ऊंचाई के सबवे (कट एंड कवर विधि द्वारा) के निर्माण" से संबंधित विद्युत (सा.) कार्य। 2) "एईएन/बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बैण्डेल में ब्रिज सं. 77 के दोनों एप्रोचों की रूफ कवरिंग की व्यवस्था, सम्प की सफाई के साथ जल भंडारण जलाशय, दोनों छोर पर जल निकासी व्यवस्था आदि द्वारा मौजूदा सबवे के उन्नयन के साथ सुधार से संबंधित विद्युत (साधारण) कार्य" 3) "एडीईएन/बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत ब्रिज सं. 87 एवं 98ए के दोनों एप्रोचों की रूफ कवरिंग की व्यवस्था, सम्प की सफाई के साथ जल भंडारण जलाशय, दोनों छोर पर जल निकासी व्यवस्था आदि द्वारा मौजूदा सबवे के उन्नयन के साथ सुधार से संबंधित विद्युत (साधारण) कार्य" **निविदा मूल्य :** रु. 47,74,532/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.95,500/-, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3381-आर, कार्य का नाम :** (1) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत चतरा गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के संबंध में चतरा के लिए विद्युत (साधारण) कार्य। (2) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत राजग्राम पब्लिक साइडिंग गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के संबंध में विद्युत (साधारण) कार्य। (3) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत सांईथिया गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत साधारण कार्य। (4) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत कुलापहाड़ी (तिलभीटा) गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत साधारण कार्य। (5) वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल के तहत पाकुड़ गुड्स शेड के उन्नयन और आधुनिकीकरण के लिए विद्युत साधारण कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,66,87,969/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु.3,33,400/-, **समापन अवधि:** 180 दिन (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.04.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। HWH-08/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 02_2025-26, 03_2025-26, दिनांक 03.04.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2/ पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं.: 02_2025-26, कार्य का विवरण :** एईएन/डानकुनी के तहत एसएसई/पी वे/कामारकुंडु की शाखा में पी.वे रखरखाव कार्य, किमी 16/0-25/0 (सभी लाइन)। **अनुमानित मूल्य :** रु. 79,11,678.37, **बयाना राशि:** रु. 1,58,200/- **समापन अवधि :** 12 माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 03_2025-26, कार्य का विवरण :** कर्मचारियों के दैनिक सुरक्षित एवं सुगम संचार के लिए लाइन नं. 1 के पास भट्टानगर में कंक्रीट पाथवे का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,03,50,405.13, **बयाना राशि:** रु. 2,51,800/, **समापन अवधि :** 06 माह । **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 28.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-07/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**कानपुर सेंट्रल - कोलकाता - कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन पारसनाथ में ठहराव**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **04153/04154 कानपुर सेंट्रल - कोलकाता - कानपुर सेंट्रल स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित समय के अनुसार **पारसनाथ (पीएनएमई)** पर अतिरिक्त ठहराव : 04153 कानपुर सेंट्रल - कोलकाता स्पेशल: **आगमन 00.35 बजे/प्रस्थान 00.37 बजे** एवं 04154 कोलकाता - कानपुर सेंट्रल स्पेशल: **आगमन 16.18 बजे/प्रस्थान 16.20 बजे।**

04154 कोलकाता - कानपुर सेंट्रल स्पेशल का **समय भी गोमोह** स्टेशन पर निम्नानुसार **संशोधित** किया जाएगा: **आगमन 15.58 बजे/प्रस्थान 16.00 बजे।** अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**OFFICE OF THE PURULIA-II PANCHAYET SAMITY**

Vill. Bongabari, P.O. : V-Nagar, Dist. : Purulia (W.B.) ;
Mobile No. 8373068635,
E-mail ID : bdoeopurulia2@gmail.com

e-Tender is being invited by the Executive Officer, Purulia-II of Village : Bongabari, Post : V. Nagar, Dist : Purulia, for the various developmental work under Purulia-II PS vide **Tender Notice (eNIT) No. : WBPUR/EO/P-II/NIT(e)-12/2024-25.** For more details requisting to the follow the Office Notice Board, **www.wbtenders.gov.in** & **www.purulia.gov.in** or may contact General Section of the undersigned on office day & time.

**Sd/-**
**Executive Officer**
**Purulia-II Panchayet Samity**

**आद्रा मंडल के तहत ओंडाग्राम स्टेशन पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति**

**अधिसूचना सं.: सी-669/एसटीबीए/आद्रा/2025/02 दिनांक: 04.04.2025** भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा के द्वारा आद्रा मंडल के तहत निम्नवर्णित कैटेगरी स्टेशन में निम्नलिखित सूची के अनुसार स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किया जाता है: ● **आवेदन की प्रकृति:** स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति, ● **मूल्य :** कमीशन आधारित, ● **यूटीएस काउंटरों की संख्या (चौबीस घंटे):** 01, ● **प्रतिभूति जमा राशि :** रु.10,000, ● **लोकेशन कोड:** ओडीएम, ● **रु. 1 लाख से अधिक के सेल्स टर्नओवर पर कमीशन की दर जो आवेदन में उद्धृत किया जाना है:** 4%, ● **बयाना राशि :** रु.2,000/- एनएसजी-6 (प्रत्येक आवेदन के लिए), ● **आवेदन फॉर्म की लागत:** शून्य, ● **एसटीबीए की नियुक्ति का स्थान:** आद्रा मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत आद्रा-खड़गपुर शाखा के बीच ओंडाग्राम स्टेशन । ● **नियम एवं शर्तों के साथ आवेदन फॉर्म उपलब्धता :** आवेदन फॉर्म वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय, आद्रा में **दिनांक 07.04.2025 से 28.04.2025 को 10.30 बजे से 16.00 बजे तक** कार्य दिवसों को उपलब्ध होगा या **www.ser.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। ● **आवेदन जमा करने की तिथि और स्थान: दिनांक 28.04.2025 को 10.30 बजे 13.00 बजे के बीच वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के कार्यालय/आद्रा में।** ● **निविदा बॉक्स खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.04.2025 को 16.00** बजे या तत्पश्चात दिवस यदि उक्त दिवस को छुट्टी या अप्रत्याशित कारणों से बंदी पड़ जाती है। ● **कार्य का विवरण:** अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट एवं सीजन टिकट की बिक्री। ● **आवेदक के लिए पात्रता मानदंड:** विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **www.ser.indianrailways.gov.in** देखें।

(PR-24) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें**

**मालदा टाउन और एसएमवीटी बेंगलुरु, कोलकाता और डिब्रूगढ़ एवं कोलकाता और सिलचर के बीच**

ग्रीष्मकाल के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **06565/06566 एसएमवीटी बेंगलुरु – मालदा टाउन – एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल, 05932/05931 डिब्रूगढ़ – कोलकाता – डिब्रूगढ़ स्पेशल और 05639/05640 सिलचर – कोलकाता – सिलचर स्पेशल ट्रेनें** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**06565/06566 एसएमवीटी बेंगलुरु–मालदा टाउन–एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल**

| एसएमवीटी बेंगलुरु – मालदा टाउन स्पेशल | | | 06565 06566 | मालदा टाउन–एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| रवि | – | 23.40 | एसएमवीटी बेंगलुरु | 12.45 | – | शुक्र |
| सोम | 12.50 | 13.00 | विजयवाड़ा | 22.45 | 22.55 | बृहस्पति |
| मंगल | 01.45 | 01.50 | भुवनेश्वर | 07.10 | 07.15 | |
| | 07.15 | 07.25 | खड़गपुर | 00.45 | 00.55 | |
| | 11.22 | 11.24 | बर्द्धमान | 20.51 | 20.53 | बुध |
| | 16.30 | – | मालदा टाउन | – | 16.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में कृष्णराजपुरम, बंगारपेट, जोलारपेट्टै काटपाडी, रेणिगुंटा, गुडूर, ओंगोल, राजामुंद्री, दुव्वाडा, कोत्तवलसा, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, बालूगांव, खोरधा रोड, कटक, भद्रक, बालेश्वर, आंदुल, डानकुनी, बोलपुर (शांतिनिकेतन), रामपुरहाट और न्यू फरक्का स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: एसएमवीटी बेंगलुरु से – 06565** दिनांक 13/04, 20/04 और 27/04/2025 (रविवार) को = 03 ट्रिप और **मालदा टाउन से – 06566** दिनांक 16/04, 23/04 और 30/04/2025 (बुधवार) को = 03 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर - 04, एसी-3 टियर इकोनॉमी - 06, एसी-3 टियर - 05 और पावर कार - 02 = 17 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**05932 / 05931 डिब्रूगढ़–कोलकाता–डिब्रूगढ़ स्पेशल**

| डिब्रूगढ़ – कोलकाता स्पेशल | | | 05932 05931 | कोलकाता–डिब्रूगढ़ स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शनि | – | 17.20 | डिब्रूगढ़ | 06.30 | – | मंगल |
| रवि | 05.15 | 05.20 | न्यू बोंगाईगांव | 19.00 | 19.05 | सोम |
| | 12.05 | 12.15 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13.45 | 13.55 | |
| | 17.10 | 17.20 | मालदा टाउन | 09.10 | 09.20 | |
| | 00.30 | – | कोलकाता | – | 02.30 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती जं., विश्वनाथ चारआली, रंगापाड़ा नॉर्थ, उदालगुड़ी, रंगिया, कोकराझार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कूचबिहार, अलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई, न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड, आजिमगंज, कटवा, नबद्वीपधाम, बैंडेल और नैहाटी जं.स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: डिब्रूगढ़ से – 05932** दिनांक 12/04, 19/04, 26/04, 03/05, 10/05, 17/05, 24/05, 31/05, 07/06, 14/06, 21/06 और 28/06/2025 (शनिवार) को = 12 ट्रिप और **कोलकाता से – 05931** दिनांक 14/04, 21/04, 28/04, 05/05, 12/05, 19/05, 26/05, 02/06, 09/06, 16/06, 23/06 और 30/06/2025 (सोमवार) को = 12 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर - 02, एसी-3 टियर - 06, शयनयान श्रेणी - 07, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 04 , पावर कार - 01 और एसएलआरडी - 01 = 21 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**05639 / 05640 सिलचर–कोलकाता–सिलचर स्पेशल**

| सिलचर – कोलकाता स्पेशल | | | 05639 05640 | कोलकाता –सिलचर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| बृहस्पति | – | 05.00 | सिलचर | 23.50 | – | शनि |
| | 15.25 | 15.40 | गुवाहाटी | 12.30 | 12.35 | |
| शुक्र | 00,30 | 00.40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 01.45 | 01.55 | |
| | 04.50 | 05.00 | मालदा टाउन | 21.00 | 21.10 | शुक्र |
| | 12.05 | – | कोलकाता | – | 13.15 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बदरपुर, न्यू हरंगाजाओ, न्यू हाफलोंग, माईबोंग, लामडिंग, लंका, होजाई, कामाख्या, गोवालपाड़ा टाउन, न्यू बोंगाईगांव कोकराझार, गोसाईंगांव हाट, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कूचबिहार, धूपगुड़ी, अलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई, कुमेदपुर, न्यू फरक्का, जंगीपुर रोड, आजिमगंज जं., कटवा, नबद्वीपधाम, बैंडेल और नैहाटी जं. स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ: सिलचर से – 05639** दिनांक 10/04, 17/04, 24/04, 01/05, 08/05, 15/05, 22/05, 29/05, 05/06, 12/06, 19/06 और 26/06/2025 (बृहस्पतिवार) को = 12 ट्रिप और **कोलकाता से – 05640** दिनांक 11/04, 18/04, 25/04, 02/05, 09/05, 16/05, 23/05, 30/05, 06/06, 13/06, 20/06 और 27/06/2025 (शुक्रवार) को = 12 ट्रिप। **गठन:** एसी-2 टियर - 01, एसी-3 टियर - 04, शयनयान श्रेणी - 13 और जीएसएलआर - 02 = 20 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# नियुक्ति पत्र नहीं मिलने से नाराज शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा विभाग के अभ्यर्थियों का नबन्ना अभियान, कई प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

**कोलकाता :** एसएससी मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द किए जाने के बाद राज्यभर में शिक्षा व्यवस्था को लेकर असंतोष चरम पर है। अब शारीरिक शिक्षा और कार्य शिक्षा विभाग के अभ्यर्थियों ने भी नियुक्ति न मिलने के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को इन विभागों से संबंधित एसएससी अभ्यर्थियों ने नबन्ना की ओर मार्च निकाला, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया और कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया।



प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट में सुपर न्यूमेरी पोस्ट को लेकर मामला विचाराधीन होने के कारण उन्हें अब तक नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाया है। इसके कारण उनके निजी और पारिवारिक जीवन पर गहरा असर पड़ा है। उनका यह भी दावा है कि उनके विभाग में किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं है, फिर भी उन्हें नौकरी से वंचित रखा जा रहा है।

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे पर अंतिम सुनवाई होनी है, और उससे ठीक पहले अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने और अपनी मांगों को सामने रखने की कोशिश की। लेकिन बिना अनुमति के निकले इस मार्च को पुलिस ने नबन्ना से पहले ही रोक दिया और प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर प्रिज़न वैन में बिठा दिया गया।

आंदोलनकारियों के मंच - एसएससी युवा छात्र अधिकार मंच - ने साफ तौर पर कहा कि उनकी लड़ाई किसी राजनीतिक उद्देश्य के लिए नहीं, बल्कि अपने भविष्य और अधिकार की रक्षा के लिए है। उनका आग्रह है कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे को गंभीरता से लें और जल्द से जल्द उनके नियुक्ति पत्र जारी करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं।

उनका यह भी कहना है कि अब तक वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे थे, लेकिन बार-बार अनदेखी किए जाने से वे मजबूर होकर सड़क पर उतरने को बाध्य हुए हैं। राज्य सरकार की ओर से अगर इस बार भी कोई ठोस पहल नहीं होती, तो आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है।

# हाई कोर्ट ने जीटीए के 313 शिक्षकों का वेतन 72 घंटे में रोकने का दिया आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार को एक और नियुक्ति मामले में बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक साथ 313 शिक्षकों का वेतन स्थगित करने का आदेश दिया। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के जस्टिस विश्वजीत बसु की बेंच में चल रही थी। सोमवार को न्यायमूर्ति बसु ने इस मामले में एक बड़ा आदेश दिया। न्यायाधीश ने राज्य को 72 घंटे की अंतिम समय सीमा भी दी। उन्होंने कहा कि उक्त 313 शिक्षकों का वेतन 72 घंटे में रोकना होगा। जीटीए यानी पहाड़ों में शिक्षकों की भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। सीआईडी उस मामले की जांच कर रही थी। न्यायमूर्ति बसु ने पहले भी कई बार अदालत से



कहा है कि राज्य को अदालत को बताना होगा कि नियुक्ति कैसे की गई। न्यायाधीश को यह उत्तर समझ में नहीं आया। इस दिन, दस्तावेजों की समीक्षा के बाद न्यायाधीश ने आदेश दिया कि 313 शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाए। इसके साथ ही राज्य को 72 घंटे की समयसीमा दी गई है। उन 313 शिक्षकों के बारे में सारी जानकारी अदालत को दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति बसु ने राज्य की भूमिका पर सवाल उठाया कि किस प्रकार अदालती आदेशों का उल्लंघन करते हुए उनकी नियुक्ति की गई। उन्होंने पूछा कि क्या इन शिक्षकों को न्यूनतम प्रशिक्षण प्राप्त है? उनकी शैक्षिक योग्यता क्या है? सीआईडी ने आज अदालत में स्थिति रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट देखने के बाद न्यायाधीश ने कहा कि इन शिक्षकों का वेतन तत्काल रोका जाए। राज्य को उनके वेतन का बोझ क्यों उठाना चाहिए? इस मामले में अगली सुनवाई अगले गुरुवार को होगी। न्यायाधीश ने कहा कि वह उस दिन अदालत के आदेश के बाद उन्हें अगले कदम के बारे में सूचित करेंगे।

## माध्यमिक छात्रा की रहस्यमयी मौत, फंदे से लटकता मिला शव

**दक्षिण दिनाजपुर :** दक्षिण दिनाजपुर जिले के बंशीहारी ब्लॉक में एक माध्यमिक की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा का नाम रूपा दास(16) है, जो बुनियादपुर की रहने वाली थी। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार रात को रूपा ने अपने कमरे में फांसी लगाई। इस दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था। छात्रा की मां स्थानीय बासंती पूजा के कार्यक्रम में गई थी। घर लौटने पर मां ने बेटी का शव झूलते हुए पाया। उसके चिल्लाने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बंशीहारी थाने की पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बालुरघाट जिला अस्पताल में भेज दिया। रूपा की आत्महत्या के कारण का पता अभी तक नहीं चल पाया है। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

## न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने प्राइमरी में 32 हजार नियुक्तियां रद्द मामले से हटे, मामला गया मुख्य न्यायाधीश के पास

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राइमरी शिक्षक नियुक्ति घोटाले में 32 हजार नौकरियों को रद्द करने से जुड़े मामले की सुनवाई सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में नहीं हो सकी। डिवीजन बेंच के एक सदस्य, न्यायमूर्ति सौमेन सेन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए खुद को मामले से अलग कर लिया। इसके बाद, मामला हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम को भेज दिया गया है। दरअसल, इस दिन, इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास डे की डिवीजन बेंच में होनी थी। लेकिन न्यायमूर्ति सेन के हट जाने के कारण नियमों के तहत यह मामला अब इस डिवीजन बेंच के अधीन नहीं रहा। इस संबंध में याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता तरुणज्योति तिवारी ने कहा कि हमने सोचा था कि आज सुनवाई होगी, लेकिन न्यायमूर्ति ने निजी कारणों से खुद को अलग कर लिया। इस पर कुछ कहने का नहीं है। हम बस यही प्रार्थना करते हैं कि माननीय मुख्य न्यायाधीश इस मामले को ऐसे बेंच में भेजें जहां जल्द सुनवाई संभव हो। उल्लेखनीय है कि मई 2023 में हाई कोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली ने 32 हजार प्राइमरी शिक्षकों की नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया था। राज्य सरकार ने इस आदेश के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी। इसी से जुड़ी एक अन्य याचिका में न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने 42 हजार नियुक्तियों की नई सूची प्रकाशित करने का निर्देश दिया था। उस आदेश पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने स्थगन लगा रखा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में 2020-2022 बैच के डी.एल.एड उम्मीदवारों को दी राहत

**नई दिल्ली/कोलकाता :** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में 2020-2022 बैच में डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड) कोर्स करने वाले कई उम्मीदवारों को राहत देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट का फैसला पलट दिया, जिसमें उन्हें प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के पद के लिए आवेदन करने के लिए अयोग्य ठहराया गया था। हाई कोर्ट ने माना था कि चूंकि, इन उम्मीदवारों ने 29.09.2022 को पदों के लिए अधिसूचना जारी होने तक कोर्स पूरा करने का प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं किया, इसलिए वे अयोग्य हैं। इस दिन, हाई कोर्ट की व्याख्या गलत



बताते हुए जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान हाई कोर्ट, (2025) 2 एससीसी 1 के हाल ही में संविधान पीठ के निर्णय पर भरोसा करते हुए कहा कि नियमों में प्रदान की गई कट-ऑफ तिथि के अभाव में पात्रता का निर्धारण आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन में नियुक्त तिथि के आधार पर किया जाएगा। न्यायालय ने तेज प्रकाश पाठक के मामले में टिप्पणी की कि जिस कट-ऑफ तिथि के संदर्भ में पात्रता निर्धारित की जानी है, वह प्रासंगिक सेवा नियमों द्वारा नियुक्त तिथि है; जहां नियमों में ऐसी कोई कट-ऑफ तिथि प्रदान नहीं की गई, तो वह आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन में नियुक्त तिथि होगी; यदि ऐसी कोई तिथि नियुक्त नहीं की गई तो पात्रता मानदंड उस अंतिम तिथि के संदर्भ में लागू किए जाएंगे, जिस तक आवेदन प्राप्त किए जाने थे।

# ममता के नेतृत्व में बंगाल में भ्रष्टाचार बढ़ रहा : दिलीप घोष

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार पर तीखा हमला बोला है। घोष ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व में बंगाल में भ्रष्टाचार और अनैतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक ममता सत्ता में रहेंगी, बंगाल का सुधार संभव नहीं है। घोष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इधर-उधर भटकने के बजाय सीधे ममता बनर्जी और उनकी सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाएं। दिलीप घोष ने कहा कि ममता बनर्जी की देखरेख में बंगाल में भ्रष्टाचार और अनैतिक काम चरम पर हैं। इन्हें ही निशाना बनाना चाहिए, वरना बंगाल कभी नहीं सुधरेगा। घोष ने रामनवमी के उत्सव पर भी बात की। उन्होंने कहा कि बंगाल में हर साल रामनवमी का प्रभाव बढ़ रहा है और इस बार यह असाधारण रूप से ज्यादा दिखा। उन्होंने दावा किया कि राज्य में हिंदू समाज पर त्योहारों, मठ-मंदिरों और पूजा के दौरान हमले बढ़ रहे हैं। इसके जवाब में हिंदू समाज अपनी सुरक्षा के लिए संगठित हो रहा है। घोष ने कहा कि इस बार हजारों गांवों में रामनवमी की शोभायात्रा निकली और राम की पूजा हुई। इसमें हर मत, हर वर्ग और हर पार्टी के लोग शामिल हुए। घोष ने भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर ममता सरकार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पार्टी को अपनी रणनीति साफ रखनी चाहिए और सीधे तौर पर ममता बनर्जी को निशाना बनाना चाहिए। उनका मानना है कि बंगाल की मौजूदा स्थिति के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सरकार जिम्मेदार है और इसे बदलने के लिए ठोस कदम जरूरी हैं। इसके लिए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होना होगा।

# सियालदह डिवीजन ने यात्री सुरक्षा और परिचालन क्षमता में सुधार के लिए किए बड़े कार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा दमदम जंक्शन स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह कार्य 05 अप्रैल की रात 11:40 बजे से 06 अप्रैल की सुबह 6:40 बजे तक चला। इन कार्यों को यात्री और सड़क उपयोगकर्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक अवधि के दौरान सावधानीपूर्वक योजना बनाकर लागू किया गया। बड़ाबाजार में, एक पुराने फुट ओवर ब्रिज को हटाने का कार्य किया गया, जिसके दौरान ट्रेन और सड़क यातायात दोनों को ब्लॉक किया गया। दमदम जंक्शन स्टेशन पर डायमंड स्विच नंबर



236ए/235बी का उन्नयन किया गया। इसके अलावा, 8 अतिरिक्त ग्लूइड जोइंट्स और 4 कम्पाउंड जोइंट्स को हटाकर ट्रैक की मजबूती में सुधार किया गया, जिससे ट्रेन संचालन में सुगमता सुनिश्चित हुई।

इसके अलावा, बड़ानगर स्टेशन सीमा पर दो महत्वपूर्ण प्वाइंट्स नंबर 21बी और 22ए का भी उन्नयन किया गया, जिससे ट्रैक स्विचों की स्थायित्व और प्रदर्शन में वृद्धि होगी। साथ ही, बाली घाट और बाली हाल्ट स्टेशनों के बीच अप सीसीआर लाइन में 20 रेल पैनल बदलने का कार्य किया गया। ये सभी उन्नयन रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## मटियाबुर्ज-गार्डेनरीच में निकली रामनवमी की भव्य शोभायात्रा



**कोलकाता :** महानगर कोलकाता सहित पूरे बंगाल में राम नवमी की धूम रही। वहीं गार्डेनरीच, मटियाबुर्ज, तपसिया, तिलजला,खिदिरपुर जैसे संवेदनशील जगहों पर भी शोभायात्राओं में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वृहत्तर मटियाबुर्ज-गार्डेनरीच में में राम नवमी उत्सव समिति टीजी रोड द्वारा भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। टीजी रोड़ भगाड़ मैदान से भव्य शोभायात्रा शुरु हुई जिसका समापन मुदियाली में हुआ। उक्त अवसर पर राम नवमी उत्सव समिति के रतन सिंह व भगवानजी झा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों राम भक्त स्वंय इच्छा से शामिल हुए। वहीं पूरे बंगाल में हजारों शोभायात्राओं में श्रद्धालु उमड़े।

## एलाइफ ने पश्चिम बंगाल में गंधराज और नीम साबुन के साथ अपने पर्सनल केयर पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडब्लूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (जिसे पहले अदाणी विल्मर लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), ने अपने पर्सनल केयर पोर्टफोलियो में नवीनतम उत्पाद, एलाइफ गंधराज और नीम साबुन को पश्चिम बंगाल में लॉन्च किया है। यह साबुन गंधराज नींबू की ताजगी और नीम के हर्बल स्किनकेयर लाभों का बेहतरीन मिश्रण है। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेजिडेंट, मुकेश मिश्रा ने कहा, पश्चिम बंगाल की सांस्कृतिक परंपराओं और प्राकृतिक अवयवों के प्रति गहरी सराहना को ध्यान में रखते हुए, यह नया उत्पाद हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गंधराज, जिसे 'नींबू का राजा' कहा जाता है, को नीम के जीवाणुरोधी गुणों के साथ मिलाकर यह साबुन त्वचा को शुद्ध और ताजगी प्रदान करता है। इस लॉन्च के साथ, एलाइफ ने पूरे राज्य में एक व्यापक 360-डिग्री मार्केटिंग अभियान शुरू किया है, जिसमें टीवी विज्ञापनों, डिजिटल पहल और ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन शामिल हैं। एलाइफ गंधराज और नीम साबुन अब प्रमुख रिटेल स्टोर और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

## पॉलीकैब इंडिया ने फैन कैटेगरी में सुपर आरओआई फैंस रेंज लॉन्च कर अपनी स्थिति की मजबूत की

**हावड़ा :** इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया ने फैन कैटेगरी में अपनी स्थिति को और मजबूत करते हुए अपनी नई सुपर आरओआई फैंस रेंज लॉन्च की है। ये पंखे शानदार प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक डिजाइन का बेहतरीन संयोजन हैं। पॉलीकैब का उद्देश्य ग्राहकों को ऊर्जा बचत के साथ बेहतरीन प्रदर्शन और लंबे समय तक चलने वाले समाधान प्रदान करना है। सुपर आरओआई फैंस बीएलडीसी तकनीक से लैस हैं, जो 50% तक बिजली बचाते हैं। कुछ मॉडल 25% अधिक एयर डिलीवरी प्रदान करते हैं और रिवर्स रोटेशन की सुविधा से सर्दियों में आरामदायक माहौल बनाए रखते हैं। ये पंखे 100% कॉपर वाइंडिंग मोटर से बने हैं और 4 साल की वारंटी के साथ आते हैं। पॉलीकैब ने फैन कैटेगरी में बड़े पैमाने पर निवेश किया है और 9 मिलियन फैंस के उत्पादन की क्षमता वाले अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किए हैं। सुपर आरओआई पंखे अब प्रमुख रिटेल दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स जैसे अमेजन और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध हैं।

### सैंडविच जेनरेशन की महिलाओं के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी पर एडलवाइस लाइफ के सीडीओ ने दिया अहम बयान

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडलवाइस लाइफ़ के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अनुप सेठ ने सैंडविच जेनरेशन की महिलाओं के लिए फाइनेंशियल लिटरेसी की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि उन्हें अपनी वित्तीय जानकारी को बेहतर बनाने के साथ ही फाइनेंशियल प्लानिंग की जिम्मेदारी खुद उठानी चाहिए। हाल ही में जारी की गई एक स्टडी के मुताबिक, इस जेनरेशन की 50% महिलाएं फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स के बारे में जानकारी की कमी को अपनी जमा-पूंजी बनाने में बड़ी चुनौती मानती हैं। सैंडविच जेनरेशन में 35 से 54 साल की महिलाएं शामिल हैं, जो अपने बुजुर्ग माता-पिता और बच्चों की परवरिश की जिम्मेदारी संभालती हैं। सेठ ने कहा, महिलाएं लंबे समय से घर की आर्थिक गतिविधियां संभालती रही हैं, लेकिन अब उन्हें लंबी अवधि की फाइनेंशियल प्लानिंग में भी अधिक सक्रिय होना चाहिए।

# शिक्षामित्रों के पक्ष में कोलकाता हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, राज्य सरकार की अपील खारिज

**कोलकाता :** शिक्षामित्रों की सेवा को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमें शिक्षामित्रों की सेवा आयु 60 वर्ष तक करने के पहले के आदेश को चुनौती दी गई थी। जस्टिस राजशेखर मान्था और जस्टिस अजय कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि जिस तरह सामान्य शिक्षक 60 वर्ष तक सेवा देते हैं, उसी तरह शिक्षामित्रों को भी यह अधिकार मिलना चाहिए।

कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य सरकार को शिक्षामित्रों को 'सर्व शिक्षा मिशन' परियोजना के



अंतर्गत कार्यरत पैरा-शिक्षकों और शिक्षा-बंधुओं के समकक्ष वेतन और अन्य लाभ देने होंगे। न्यायालय ने अपने फैसले में राज्य सरकार के शिक्षा विभाग पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि शिक्षामित्रों के साथ शोषणकारी व्यवहार किया गया है। दो दशकों तक उन्हें बेहद कम वेतन पर सामान्य शिक्षकों के समान काम कराया गया, जबकि उन्हें न्यूनतम वेतन का भी लाभ नहीं दिया गया।

डिवीजन बेंच ने कहा कि वर्षों तक सेवा देने के बावजूद शिक्षामित्रों को नौकरी से हटा दिया गया, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट में पड़ गए। इस निर्णय से उन हजारों शिक्षामित्रों को राहत मिली है जो 2004 से सर्व शिक्षा मिशन के तहत नियुक्त हुए थे।

मामले के वकील शमीम अहमद ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षामित्रों की नौकरी रद्द करने के फैसले के खिलाफ 2016 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। 2023 में जस्टिस रवींद्रनाथ सामंत की एकल पीठ ने राज्य सरकार के उस निर्णय को रद्द कर दिया था। राज्य ने इसके खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी, जिसे अब खारिज कर दिया गया है।

गौरतलब है कि 2004 में राज्य सरकार ने पिछड़े और स्कूल से बाहर बच्चों की शिक्षा के लिए शिक्षामित्रों की नियुक्ति की थी। शुरुआत में उन्हें मात्र 2400 रुपये मासिक वेतन दिया जाता था। 2013 में एक नए आदेश के तहत उन्हें स्वैच्छिक कर्मी घोषित कर दिया गया और उनके पद से जुड़ी सुविधाएं समाप्त कर दी गईं। इसके खिलाफ शिक्षामित्रों ने लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी, और अब आखिरकार उन्हें राहत मिली है।

यह फैसला न केवल शिक्षामित्रों के लिए एक बड़ी जीत है, बल्कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था में समानता और न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### कोलकाता में चलती एसी बस में लगी आग, कई यात्री घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के पाइकपाड़ा में सोमवार की दोपहर एक चलती बस में आग लग गई। इस घटना में कई यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार करवाया गया है। दो दमकल गाड़ियों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। सूत्रों के अनुसार, बस सोमवार को बेलघरिया से रवाना हुई थी। बीटी रोड पर चल पाइकपाड़ा चौराहे के पास बस में धुआं देखा गया। उस समय बस में बहुत यात्री थे। धुआं देखते ही यात्रियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। बस से उतरने की होड़ मच गई। जैसे ही यात्री जल्दी से उतरे, आग लग गई। देखते ही देखते पूरा इलाका काले धुएं से ढक गया था। अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। सूचना पाकर दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंची। कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बस में आग लगने का कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। प्रारम्भ में माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

## यात्रियों की सुविधा के लिए तीन समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन, 62,300 बर्थ होंगी उत्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की बढ़ी हुई मांग को ध्यान में रखते हुए तीन समर स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है, जिसके माध्यम से कुल 62,300 बर्थों का निर्माण किया जाएगा। ये विशेष ट्रेनें कोलकाता और डिब्रूगढ़, कोलकाता और सिलचर और मालदह टाउन और एसएमवीबी बेंगलुरु के बीच चलाई जाएंगी। इसके तहत, 05932 डिब्रूगढ़-कोलकाता समर स्पेशल ट्रेन 12 अप्रैल से 28 जून तक हर शनिवार को 17:20 बजे डिब्रूगढ़ से चलेगी और तीसरे दिन 00:30 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 05931 कोलकाता-डिब्रूगढ़ समर स्पेशल ट्रेन 14 अप्रैल से 30 जून तक हर सोमवार को 02:30 बजे कोलकाता से चलेगी और अगले दिन 06:30 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी। यह ट्रेन 23 स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिसमें नैहाटी, बंडेल, नबद्वीप धाम, कटवा, आजिमगंज, जंगीपुर रोड, न्यू फरक्का और मालदह टाउन शामिल हैं। 05639 सिलचर-कोलकाता समर स्पेशल 10 अप्रैल से 26 जून तक हर गुरुवार को 05:00 बजे सिलचर से चलेगी और अगले दिन 12:05 बजे कोलकाता पहुंचेगी। वहीं, 05640 कोलकाता-सिलचर समर स्पेशल 11 अप्रैल से 27 जून तक हर शुक्रवार को 13:15 बजे कोलकाता से चलेगी और अगले दिन 23:50 बजे सिलचर पहुंचेगी। यह ट्रेन 29 स्टेशनों से होकर गुजरेगी। 06565 एसएमवीबी बेंगलुरु-मालदह टाउन समर स्पेशल 13 अप्रैल से 27 अप्रैल तक हर रविवार को 23:40 बजे बेंगलुरु से चलेगी और तीसरे दिन 16:30 बजे मालदह टाउन पहुंचेगी। 06566 मालदह टाउन-एसएमवीबी बेंगलुरु समर स्पेशल 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक हर बुधवार को 16:00 बजे मालदह टाउन से चलेगी और तीसरे दिन 12:45 बजे बेंगलुरु पहुंचेगी।

## हेरीटेज कॉलेज के छात्रों ने 'इनोवेट फॉर सस्टेनेबल फ्यूचर' आइडिएशन प्रतियोगिता में जीत हासिल की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के लोरेटो कॉलेज के परिसर में 5 अप्रैल को 'इनोवेट फॉर इम्पैक्ट' नामक आइडिएशन प्रतियोगिता का सफलतापूर्व समापन हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन लोरेटो कॉलेज इन्क्यूबेशन सेंटर और आईआईएम को कोलकाता के सा-झेदारी में किया गया। पिछले महीने के दौरान, देशभर से लगभग 40 स्टार्टअप प्रस्तावों को कॉलेज में जमा किया गया था। इन प्रस्तावों का मूल्यांकन एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया गया, जिसमें राष्ट्रीय उद्योग और व्यापार जगत के प्रमुख लोग शामिल थे। पैनल ने इन प्रस्तावों में से आठ सबसे प्रभावशाली विचारों को अंतिम दौर के लिए चयनित किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने शिरकत की। उन्होंने



अपने भाषण में यह उल्लेख किया कि सभी स्टार्टअप विचार नवाचार के रूप में नहीं माने जाते। उन्होंने यह भी कहा कि नवाचार हमेशा बड़े और भव्य विचारों से नहीं आता, बल्कि यह छोटे और सामान्य व्यवसायों से भी उत्पन्न हो सकता है, जो समय के साथ शक्तिशाली ब्रांड्स में बदल जाते हैं और इससे बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्रमुख उद्योगपति जैसे नितिन कोठारी, सिद्धार्थ कोठारी, और आनंद पुरी सहित कई अन्य प्रशासनिक हस्तियां उपस्थित थीं। दूसरे सत्र में न्यायिक विज्ञान संस्थान, पश्चिम बंगाल की प्रोफेसर तिलोत्तमा राय चौधुरी, नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन के चेयरपर्सन अभिमन्यु महेश्वरी, प्राइस वाटरहाउस कूपर्स न्यू दिल्ली की निदेशक अनुराधा शास्त्री और आईआईएम कोलकाता, इनोवेशन पार्क के अधिकारी अभिजीत दास जज पैनल में शामिल थे। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में अन्य सम्मानित अतिथियों में अलियंस फ्रांसेज डू बेंगाले की क्लेमेंटिन बर्टशी मंडल, गोएथे इंस्टीट्यूट कलकत्ता की एस्त्रिड वेग, ब्लू पोपी ठाकाली की डोमा वांग, एडवर्ड्स प्रांत की नेता. सैब्रिना, शेक्सपीयर सरणी पुलिस स्टेशन के ओसी आयन भौमिक और स्थानीय काउंसलर सुष्मिता भट्टाचार्य भी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम के समापन पर, द हेरीटेज कॉलेज की टीमों को विजेता घोषित किया गया। जिसमें अभिषेक बनर्जी (बी.एससी. ऑनर्स), ईशान मजूमदार (बी.एससी. ऑनर्स) और अशिता सील (बी.ए. ऑनर्स) शामिल थे। उन्हें नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आईईएम कोलकाता और सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी कोलकाता की दो रनर-अप टीमों को भी नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

हेरीटेज ग्रुप के सीईओ पी.के. अग्रवाल और हेरीटेज कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर बासब चौधुरी ने विजेताओं को बधाई दी और उन्हें उनके इस शानदार उपलब्धि पर गर्व महसूस कराया, जिससे पूरे हेरीटेज परिवार को गर्व महसूस हुआ।

## पूर्व रेलवे का 127वीं जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी की बैठक संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे की 127वीं जोनल रेलवे यूजर्स कंसल्टेटिव कमेटी की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। यह बैठक कोलकाता में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में करीब 21 सदस्य उपस्थित थे। जिनमें सांसद खलीलुर रहमान, सांसद रचना बनर्जी, सांसद ललन कुमार, बिहार के विधायक हेमलाल मुर्मू, झारखंड के विधायक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इसके अलावा, केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर, सांसद मिताली बाग, केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान और पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के विभिन्न चेंबर्स ऑफ कॉमर्स के सदस्य भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में महाप्रबंधक ने 2024-25 की प्रमुख उपलब्धियों पर चर्चा की, जिनमें शून्य दुर्घटनाएं, 100 मिलियन टन माल की लोडिंग और सियालदह स्टेशन पर प्लेटफार्म विस्तार शामिल हैं। उन्होंने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन के




बारे में भी जानकारी दी। इसके अलावा, पूर्व रेलवे ने यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 18 लिफ्ट और 2 एस्केलेटर की स्थापना की है। बैठक में सांसदों और विधायकों ने कई मांगें उठाई, जिनमें धुलियांगंगा और बहरमपुर में नए रोड ओवर ब्रिज, खमारगाछी और जिराट के बीच हाल्ट स्टेशन बनाने, और हावड़ा-वर्दवान कॉर्डलाइन पर महिलाओं के लिए विशेष ट्रेन चलाने की मांगें प्रमुख थीं। महाप्रबंधक ने इन सभी सुझावों पर विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में विभागाध्यक्षों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही और इसका समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# राज्यपाल ने 17 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए मुख्यमंत्री की पसंद पर आपत्ति जताई, सुप्रीम कोर्ट को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने उच्चतम न्यायालय को पत्र लिखकर राज्य के 17 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सिफारिश पर आपत्ति जताई है। राजभवन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति बोस ने कुलपति पद के लिए उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि की गहन समीक्षा के बाद उनकी सूची पर अपने विरोध से उच्चतम न्यायालय को अवगत करा दिया है। इसने कहा कि



राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने 19 विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्त किए हैं। शेष 17 विश्वविद्यालयों के मामले में, उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि और पिछले अनुभव की समीक्षा और क्षेत्र में विश्वसनीय स्रोतों से रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद, माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने मुख्यमंत्री द्वारा पसंद किए गए उम्मीदवारों के बारे में एक सीलबंद लिफाफे में वैध आपत्तियां उठाई हैं, जिन्हें उच्चतम न्यायालय में विचार के लिए रखा गया है। राजभवन ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत दो अप्रैल को 'विशेष अनुमति याचिका (सी) संख्या 17403/2023- पश्चिम बंगाल राज्य बनाम डॉ. सनत कुमार घोष एवं अन्य' के संबंध में कार्यवाही के दौरान विशेष घटनाक्रम से अनभिज्ञ थी। इसने कहा कि पूछताछ किए जाने पर कुलाधिपति के वकील ने माननीय न्यायालय को बताया कि 36 में से 19 नामों को पहले ही मंजूरी दे दी गई है। चूंकि मामले को समय से पहले लिया गया था, इसलिए भारत के अटॉर्नी जनरल न्यायालय में उप-स्थित नहीं हो सके, अन्यथा 17 विश्वविद्यालयों के मामले में माननीय कुलाधिपति की टिप्पणियों वाले 'सीलबंद लिफाफे' माननीय न्यायालय को सौंपे जा सकते थे। राजभवन ने कहा कि इस प्रकार, कुलाधिपति की टिप्पणियों वाले सीलबंद लिफाफे प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में, माननीय न्यायालय ने वकील को सुनने के बाद अन्य बातों के साथ-साथ यह इच्छा व्यक्त की कि महामहिम अगले दो सप्ताह के भीतर शेष 17 मामलों को निपटाने में सक्षम होंगे, ऐसा न करने पर न्यायालय को सुनवाई की अगली तारीख पर मामले पर निर्णय लेना होगा। इसने यह भी कहा कि कार्यवाही किसी भी तरह से माननीय कुलाधिपति को दोषी नहीं ठहराती या विश्वविद्यालयों के लिए अनुशंसित नामों से भिन्न नाम रखने के उनके अधिकारों को बाधित नहीं करती या कोई 'अल्टीमेटम' नहीं देती। राजभवन ने कहा कि इसके विपरीत उच्चतम न्यायालय ने कुलाधिपति को उचित निर्णय लेने का विवेकाधिकार दिया है।

# दमदम में तृणमूल पार्टी के अंदर दिखी गुटबाजी, फिरहाद हकीम के सामने तीन लोगों का सिर फटा

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम में तृणमूल पार्टी के अंदर एक बार फिर गुटबाजी का मामला सामने आया है। सोमवार को हुए एक सम्मान समारोह के दौरान दमदम क्षेत्र रणक्षेत्र में बदल गया, जहां मेयर फिरहाद हकीम के सामने ही तीन लोगों का सिर फट गया। जानकारी के अनुसार, तृणमूल काउंसलर काकली सेन और डिप्टी मेयर अतिन घोष के समर्थकों के बीच मारपीट हो गई। यह घटना उस समय घटी जब मेयर फिरहाद हकीम नगरपालिका के निकाशी विभाग के एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जैसे ही वे अपनी गाड़ी से उतरे, काउंसलर काकली सेन के समर्थकों द्वारा आयोजित स्वागत समारोह को लेकर विवाद शुरू हो गया, जिससे मेयर को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। अनवर खान और उनके समर्थकों ने इस झगड़े का कारण पूछा, जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़ गया।

सूत्रों के अनुसार, डिप्टी मेयर और काउंसलर के समर्थकों के बीच यह संघर्ष राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गया है, और इसके चलते क्षेत्र में दबा हुआ तनाव उभरकर सामने आया है। अभी तक मेयर फिरहाद हकीम की तरफ से इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। बताया जा रहा है कि फिरहाद हकीम के कार्यक्रम में जाने से पहले काउंसलर काकली सेन ने एक अलग मंच तैयार किया था, जहां स्वागत समारोह आयोजित किया गया था। जैसे ही फिरहाद मंच पर पहुंचे, डिप्टी मेयर के समर्थकों ने सवाल उठाया कि मुख्य समारोह को क्यों विलंबित किया जा रहा है और इसी विवाद के कारण तीन लोग घायल हो गए।

### ममता बनर्जी का केंद्र पर हमला, कहा... 'सरकार लोगों की जेब से पैसे निकाल रही'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्र की मोदी सरकार पर महंगाई को लेकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ममता ने आरोप लगाया है कि भाजपा केंद्र में सरकार नहीं चला रही है, वह लोगों की जेब से पैसे निकाल रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के लिए 'विकास' का विचार आम भारतीयों की जेब से एक-एक पैसा निचोड़ रहा है। ज़रूरी दवाओं से लेकर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस तक, हर ज़रूरत धीरे-धीरे विलासिता बनती जा रही है। जबकि परिवार बचत में कमी और बढ़ते कर्ज से जूझ रहे हैं, यह सरकार घरेलू बजट पर अपना हमला जारी रखे हुए है। ममता ने आगे कहा कि भाजपा केंद्र में सरकार नहीं चला रही है, वह लोगों की जेब से पैसे निकाल रही है।

# ममता ही बनी रहेंगी मुख्यमंत्री : सुदीप बंद्योपाध्याय

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस 2011 से राज्य में सत्ता में है। भाजपा ने पिछले चुनाव में दो सौ से अधिक सीटें जीतने का सपना देखा था। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ। ममता बनर्जी फिर से मुख्यमंत्री बन गईं। राज्य में एक साल बाद विधानसभा चुनाव होने है। भाजपा को बदलाव की उम्मीद है। इस बीच, सोमवार को तृणमूल के वरिष्ठ सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि भगवा खेमे की उम्मीदें पूरी नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि जब तक ममता बनर्जी रहेंगी, वह मुख्यमंत्री बनी रहेंगी। इस दिन, उत्तर कोलकाता से तृणमूल सांसद उल्टाडांगा में एक मंदिर के उद्घाटन समारोह में आए थे। वहां उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ विधेयक पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह ने कहा कि इस बार बंगाल में कमल खिलेगा। लेकिन, सुदीप ने टिप्पणी की कि ऐसा नहीं होगा। सुदीप को उम्मीद है कि 2026 के चुनाव में ममता बनर्जी 250 सीटें जीतकर मुख्यमंत्री बनेंगी। भाजपा पर राज्य में धार्मिक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए सुदीप ने कहा कि हर कोई जानता है कि वे धार्मिक राजनीति करते हैं। लेकिन इस बार उन्होंन पश्चिम बंगाल में ऐसा करना ज्यादा शुरू कर दिया है। साथ ही, उन्होंने कहा कि तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की पहचान देश में धर्मनिरपेक्षता के प्रतीक के रूप में है। इसके बाद, उन्होंने कहा कि हमें विश्वास है कि ममता बनर्जी के कार्यकाल और उनके बाद के वर्षों में चाहे जितनी भी कोशिश, पहल और प्रयास किए जाएं, जमीनी स्तर के बीज बंगाल की धरती में इतनी गहराई से जड़े जमा चुके हैं कि उन्हें आसानी से उखाड़ा नहीं जा सकता। वरिष्ठ सांसद ने टिप्पणी की कि ममता बनर्जी अपने जीवन के अंतिम दिन तक मुख्यमंत्री बनी रहेंगी। हालांकि, सुदीप ने ममता के उत्तराधिकारी के बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

# गोयनका दादी मंदिर कोलकाता धाम में बरजी दादी का 458वां जन्मोत्सव उत्साह से मनाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता स्थित गोयनका दादी मंदिर धाम में श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के तत्वावधान में श्री बरजी दादी का 458वां जन्मोत्सव, चैत्र नवरात्र और राम नवमी के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दादी की अद्भुत श्रृंगार की गई, जिसमें जूही के फूलों से उन्हें सजाया गया और दादी की ज्योति प्रज्वलित की गई। मंदिर में चल रहे नवचण्डी पाठ का समापन श्रीमती कविता गोयनका और प्रदीप कुमार गोयनका द्वारा मां दुर्गा के हवन के साथ संपन्न हुआ। इसके बाद श्री सुशील गोयनका ने नव कन्याओं का विधिवत पूजन किया और उन्हें भोजन कराया।

बरजी दादी के जन्मोत्सव को भक्तों ने अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया। दादी के भक्तों ने गजरा, चुनरी और मधुर भजनों से



उनका पूजन किया। साथ ही, छप्पन भोग, सवामनी, ऋतुफल, दुग्ध केक और मीठा पान का भोग भी चढ़ाया गया। गायक कमल गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), रिया शर्मा और अन्य गायकों ने अपने भजनों से माहौल को भक्तिमय कर दिया। भक्तों ने दादी की रसोई से प्रसाद को अत्यंत खुशी के साथ ग्रहण किया। इस अवसर पर गोविंद राम गोयनका, राजकुमार गोयनका, इंदर चंद्र गोयनका, ईश्वर प्रसाद गोयनका, विनोद गोयनका, दीपक गोयनका, पवन गोयनका (लार्ड्स)- अध्यक्ष, सुभाष चंद्र गोयनका (सचिव), कमल गोयनका (कोषाध्यक्ष), पवन गोयनका (पंचवटी), प्रमोद गोयनका, महेश गोयनका, प्रदीप कुमार गोयनका, विजय गोयनका, राम रतन गोयनका, पवन गोयनका (सोनू), निर्मल गोयनका, शिव रतन गोयनका, विपुल गोयनका, सूर्यकांत गोयनका, राकेश गोयनका, विवेक गोयनका, शंकर लाल ढोकानिया, राजेंद्र गोयनका, कुसुम गोयनका, राधा गोयनका, मंजू गोयनका, रेनू गोयनका (कांकुरगाछी), आशा गोयनका, अंजू गोयनका, माया गोयनका, कविता गोयनका, रेनू गोयनका, मोना गोयनका, पूजा गोयनका, शिखा गोयनका, रूपा गोयनका, सुनीता गोयनका, पिंकी गोयनका सहित कई विशिष्ट अतिथि और गोयनका परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

इस आयोजन में गोयनका परिवार और मारवाड़ी समाज के विशिष्ट अतिथियों तथा स्थानीय अधिकारियों की उपस्थिति से उत्सव और भी धूमधाम से संपन्न हुआ। यह जानकारी श्री श्री बीरां बरजी सेवा समिति के सचिव सुभाष चंद्र गोयनका ने दी।

# वेतन वृद्धि की मांग पर सड़क पर उतरी आशा कर्मी

**कोलकाता, समाज्ञा :** आशा कर्मी ने अपनी मांगों को लेकर साल्टलेक स्थित स्वास्थ्य सुविधा केंद्र के सामने विरोध प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल आशा कर्मी संघ के सदस्य सोमवार को स्वास्थ्य भवन के सामने एकत्र हुए। उनकी मांग है कि आशा कर्मियों का भता बढ़ाकर न्यूनतम 15 हजार रुपए किया जाए। उन्हें स्थायी स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। आशा श्रमिक संघ की सचिव इस्मत आरा खातून ने कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई तो वे 22 अगस्त को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित घर पर प्रदर्शन करेंगे। आशा कर्मियों के अनुसार, अब उन्हें 5,200 रुपए भत्ता मिलता है। कोई विशेष अवकाश नहीं है। आशा कर्मियों मांग कर रही हैं कि उन्हें विशिष्ट अवकाश दिया जाए। पीएफ और ईएसआई को लागू किया



जाना चाहिए, जो अभी मौजूद नहीं है।

आशा श्रमिक संघ की सचिव इस्मत आरा खातून ने कहा कि हमारी मांग है कि आशा श्रमिकों को सरकारी कर्मचारी के रूप में मान्यता दी जाए। उन्हें उनके भत्ते ठीक से नहीं मिल रहे हैं। सभी पिछले बकाए का भुगतान किया जाना चाहिए। न्यूनतम भत्ता 15,000 रुपए होना चाहिए। अगर कोई काम करते हुए मर जाता है, तो उसके परिवार को 5 लाख रुपए का एकमुश्त भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे स्वास्थ्य सुविधा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने यहां आए थे।

### उपभोक्ता फोरम गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं कर सकता : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में कहा है कि उपभोक्ता फोरम निष्पादन कार्यवाही के दौरान गिरफ्तारी वारंट जारी नहीं कर सकता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि फोरम केवल नागरिक जेल में हिरासत का आदेश दे सकता है, लेकिन आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अधिकार उसे नहीं है। यह फैसला न्यायमूर्ति सुव्रा घोष ने उस याचिका पर सुनाया, जिसमें जिला उपभोक्ता विवाद निवारण फोरम द्वारा जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने आदेश को रद्द करते हुए कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत इस तरह का अधिकार उपभोक्ता फोरम को नहीं दिया गया है। मामला वर्ष 2013 के एक ऋण समझौते से जुड़ा है, जिसमें एक वित्तीय कंपनी ने ट्रैक्टर खरीदने के लिए ऋण दिया था। उधारकर्ता 25 हजार 716 की राशि चुकाने में विफल रहा, जिसके बाद कंपनी ने ट्रैक्टर अपने कब्जे में ले लिया। इसके विरोध में उधारकर्ता ने उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई और ट्रैक्टर के पंजीकरण प्रमाणपत्र तथा वाहन को वापस सौंपने का निर्देश देने की मांग की। फोरम ने अपने आदेश में 25 हजार 716 की राशि प्राप्त करने के बाद पंजीकरण प्रमाणपत्र सौंपने का निर्देश दिया था। इसके पालन में जब निष्पादन मामला दायर किया गया तो फोरम ने दिसंबर 2019 में गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया। न्यायमूर्ति घोष ने कहा कि कानूनी रूप से यह प्रश्न उठता है कि क्या उपभोक्ता फोरम निष्पादन कार्यवाही में गिरफ्तारी वारंट जारी कर सकता है। इस संबंध में उच्च न्यायालय की एक पीठ पहले ही 2022 में स्पष्ट कर चुकी है कि निष्पादन याचिका के तहत केवल नागरिक जेल में हिरासत का आदेश दिया जा सकता है, न कि गिरफ्तारी वारंट।

# अशोकनगर में चली गोलियां, रातभर छाया रहा दहशत का माहौल

**कोलकाता :** अशोकनगर में रविवार की मध्यरात्रि को गोलियों और बमबारी की घटना से पूरा इलाका दहल उठा। दीघरा मालिकबेरिया ग्राम पंचायत के अंतर्गत दीघरा उत्तरपाड़ा इलाके में इस घटना से रातभर अशांति और डर का माहौल बना रहा। आरोप है कि एक घर को निशाना कर बम फेंका गया और गोलीबारी की गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, तालसा इलाके का निवासी अनवार मंडल, जो नशे की हालत में था, अपने ससुराल दीघरा उत्तरपाड़ा में मोशारफ हुसैन के घर पहुंचा और वहां महिलाओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के साथ-साथ अभद्र



भाषा में गाली-गलौज करने लगा। इस व्यवहार से नाराज़ होकर इलाके के युवकों ने उसे पकड़ कर पीटा और फिर छोड़ दिया। लेकिन कुछ समय बाद वह अपने साथियों के साथ लौटकर मोशारफ हुसैन के घर के सामने लगातार बम फेंकने लगा।

हंगामा सुनकर जब स्थानीय लोग बाहर निकले, तभी पास की मस्जिद के पास खड़े कुछ युवकों को निशाना बनाकर गोलियां चलाई गईं। इस फायरिंग में सागर मंडल नामक एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत बारासात अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही अशोकनगर थाने के प्रभारी अधिकारी चिंतामणि नस्कर, हाबरा के सर्कल इंस्पेक्टर अनुपम चक्रवर्ती और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचे। रातभर इलाके में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही।

पुलिस ने छापेमारी कर तृणमूल कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष सैयद बशीरुद्दीन के घर से एक आग्नेयास्त्र बरामद किया है। इसके अलावा, इलाके से कई जिंदा बम भी बरामद हुए हैं। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों से कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। फिलहाल पूरे इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है और वातावरण बेहद तनावपूर्ण बना हुआ है।

### सुंदरबन में सभी यात्री बसें बंद रखने का फैसला, यात्रियों को भारी परेशानी

**कोलकाता :** पुलिस की ज़्यादती और अवैध गाड़ियों की बेधड़क आव-ाजाही को लेकर बस मालिक और कर्मचारियों के संगठन ने बड़ा कदम उठाया है। उनका कहना है कि इन कारणों से वैध रूप से चलने वाली लग्ज़री और मिनी बसें लगातार घाटे में चल रही हैं। प्रशासन और आरटीओ को कई बार जानकारी देने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। इसी के विरोध में सोमवार और मंगलवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरबन पुलिस जिला अंतर्गत सभी यात्री बसों का परिचालन बंद रखने का निर्णय लिया गया। सोमवार सुबह से ही सड़कों पर एक भी बस नहीं दिखी। सप्ताह के पहले ही दिन बस सेवा ठप होने से आम यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी दिक्कतें झेलनी पड़ीं। यह हड़ताल प्रशासन के प्रति नाराजगी और सिस्टम की अनदेखी के खिलाफ एक तीखा संदेश माना जा रहा है।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत, पांच घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर इलाके में दो बाइकों के आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, कुलतली से एक बाइक पर तीन लोग बारुईपुर बाइक खरीदने के लिए आ रहे थे। वहीं, दूसरी ओर बारुईपुर सूर्यपुर बुलबुलिया के दो निवासी बाइक पर बैठकर बारुईपुर से अपने घर वापस लौट रहे थे। इस दौरान कुमारहाट स्कूल मोड़ और चांदखाली मोड़ के बीच पानी के टैंक के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग सड़क पर गिर पड़े। घटनास्थल




पर ही स्थानीय लोग गंभीर हालत में इन पांचों को बारुईपुर महकमा अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने 35 वर्षीय साद्दाम हुसैन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अन्य चार लोगों की स्थिति बिगड़ने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल भेजा गया।

# छत्तीसगढ़ के खरसिया-परमालकसा रेल प्रोजेक्ट से मिलेगा रोजगार और बेहतर कनेक्टिविटी : अश्विनी वैष्णव

**कोलकाता/नयी दिल्ली , समाज्ञा :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेल प्रोजेक्ट का ऐलान किया, जो छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी में बड़ा बदलाव लाएगा। इस प्रोजेक्ट पर 8741 करोड़ रुपये खर्च होंगे और इसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ को एक छोर से दूसरे छोर तक जोड़ना है। मंत्री ने इसे छत्तीसगढ़ की रेल नेटवर्क की नई धमनी बताया, जो ओडिशा से महाराष्ट्र तक रेल मार्ग का विस्तार करेगी। इस परियोजना के तहत रायगढ़, जांजगीर चांपा, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जैसे जिलों को कवर किया जाएगा। इसके लिए 21 स्टेशन, 48 बड़े ब्रिज, 349 माइनर ब्रिज, 14 फ्लाईओवर और 184 अंडर पास का निर्माण होगा। इसके अलावा 615 किमी लंबी पटरियां बिछाई जाएंगी, जिसमें 278 किमी का रूट शामिल है।

रेल मंत्री ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के बाद 8 से ज्यादा मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन होगा। इससे 22 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी और रेलवे को लगभग 2500 करोड़ रुपये का लाभ होगा। इसके अलावा, बलौदा बाजार और खरसिया जैसे प्रमुख सीमेंट उत्पादन हब भी इस नेटवर्क से जुड़ेंगे। रेल मंत्री ने बताया कि इस



रेल नेटवर्क से छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक क्षेत्रों, जैसे डोकरा और कोसा सिल्क के उत्पादन वाले इलाकों को भी लाभ होगा। इसके चलते 2 करोड़ मैन-डे जॉब्स का सृजन होगा। उन्होंने यह भी बताया कि 2014 के बाद छत्तीसगढ़ में रेलवे के कार्यों में अभूतपूर्व तेजी आई है। राज्य में कुल 47 हजार करोड़ रुपये का रेलवे निवेश हो चुका है, जिसके तहत 32 स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस प्रोजेक्ट को राज्य के लिए सौभाग्य की बात बताते हुए इसे छत्तीसगढ़ की रेलवे कनेक्टिविटी को नया दिशा देने वाला कदम बताया।

### दोस्त को वीडियो कॉल कर प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर की आत्महत्या

**मालदह :** परिवार की सहमति के बिना प्यार, जिसके चलते लगातार अशांति और मानसिक अवसाद लगा रहता था। अंततः अपने दोस्त को वीडियो कॉल करके एक प्रेमी जोड़े ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। यह दुखद घटना मालदह के बामनगोला में घटी। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृत प्रेमी जोड़े का नाम फुलटूस मंडल और राखी मंडल हैं। दैनिक मजदूर फुलटूस का घर बामनगोला थाना के खुदंगा इलाके में है। दूसरी ओर, राखी बामनगोला हाई स्कूल में 12वीं कक्षा की छात्रा थी। वह बामनगोला के राखलपुकुर इलाके की निवासी है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों की मुलाकात दुर्गा पूजा के दौरान हुई थी। इसके बाद, दोनों के बीच धीरे-धीरे प्यार शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि इस जोड़े ने शनिवार को अपने एक दोस्त को वीडियो कॉल पर बात की थी। दोस्त का दावा है कि उन्होंने वीडियो कॉल के दौरान जहर खा लिया। खतरे के डर से, दोस्त जल्दी से युवक के घर भाग गया। लेकिन तब तक दोनों बेहोश हो चुके थे। उन्हें तुरंत बचा लिया गया और गाजोल ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण प्रेमी जोड़े को मालदह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन, सोमवार की देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका राखी के पिता गोकुल मंडल का दावा है कि युवक उनकी बेटी को प्रताड़ित करता था। वह नहीं जानता कि उनके बीच प्रेम था या नहीं। युवक ने यहां तकआरोप लगाया कि उसने अपनी बेटी को जहर देकर खुद भी आत्महत्या कर ली। इस बीच, मृतक फुलटूस की मां उज्ज्वला मंडल ने आरोप लगाया कि उनकी बेटी के परिवार वालों को यह प्यार स्वीकार नहीं था। और इसी कारण उन्होंने एक साथ आत्महत्या करने का निर्णय लिया।

# 18 करोड़ की राशि तृणमूल के फंड में! मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय पर एक निजी कंपनी के कर्मचारी का बड़ा आरोप

**कोलकाता :** राज्य की राजनीति में उस समय खलबली मच गई जब एक निजी कंपनी के एक कर्मचारी ने पश्चिम बंगाल सरकार के मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय पर गंभीर आरोप लगाते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया। कर्मचारी का दावा है कि उक्त निजी कंपनी द्वारा को-ऑपरेटिव (सहकारी संस्था) के विकास के लिए दिए गए 18.5 करोड़ रुपये तृणमूल कांग्रेस के फंड में स्थानांतरित कर दिए गए, और इस पूरे मामले के पीछे मुख्य भूमिका खुद शोभनदेब चट्टोपाध्याय की थी।

यह मामला आगामी 17 अप्रैल को होने वाले उस निजी कंपनी के को-ऑपरेटिव बैंक चुनाव से पहले सामने आया है। गौरतलब है कि इस चुनाव का आयोजन पूरे 14 साल बाद हो रहा है। चुनाव की पारदर्शिता की मांग को लेकर हाईकोर्ट पहुंचे कर्मचारी ने सिर्फ वित्तीय अनियमितताओं का ही नहीं, बल्कि चुनाव में गड़बड़ी और दबाव बनाने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि नामांकन प्रक्रिया में खुलेआम पक्षपात किया गया, और तृणमूल समर्थकों के अलावा किसी को भी नामांकन दाखिल नहीं करने दिया गया। यहां तक कि जो लोग नामांकन देने की कोशिश कर रहे थे, उन्हें धमकाया गया और कुछ को शारीरिक रूप से भी प्रताड़ित किया गया। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि वर्ष 2011 के बाद से को-ऑपरेटिव बैंक में कोई चुनाव नहीं हुआ। 2013 में राज्य सरकार ने पुराने बोर्ड को भंग कर मनोनीत निदेशकों के ज़रिए बोर्ड का गठन किया, जो अब तक बिना चुनाव के चल रहा है। अब जब 17 अप्रैल को चुनाव होने जा रहा है, तब तक भी कोई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी नहीं हुई है। इससे यह संदेह और भी गहरा हो गया है कि चुनाव में फिर से धांधली हो सकती है। इस मामले पर शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने सभी आर-ोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल समर्थित यूनियन पहले ही हर बार 98 प्रतिशत वोट से जीतती रही है, इसलिए किसी को डराने-धमकाने या मारपीट करने की ज़रूरत ही नहीं पड़ती। उन्होंने यह भी दावा किया कि वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोप झूठे हैं और उनके खिलाफ एक सोची-समझी बदनामी की साजिश रची जा रही है। मामला अब कोर्ट में है, और इस बीच राजनीतिक हलकों में इस पर बहस तेज हो गई है। चुनाव से पहले इस तरह के आरोप तृणमूल कांग्रेस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं।

# बेलघरिया में मिला गृहिणी का शव, घरेलू हिंसा के कारण हत्या का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा**

कोलकाता बेलघरिया के कलाबागान इलाके में एक गृहिणी का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका का नाम संगीता बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, करीब दो साल पहले कलाबागान के निवासी सुजित दे ने संगीता नाम की युवती से शादी की थी। संगीता के परिवार का आरोप है कि शादी के बाद से ही दहेज की अधिक मांग को लेकर ससुराल में लगातार विवाद होता था। संगीता के साथ कई बार मारपीट भी की गई। शनिवार रात को भी पति-पत्नी के बीच जमकर



लड़ाई हुई थी, और उसके बाद रात में संगीता का शव घर से लटका हुआ पाया गया। घटना के बाद संगीता के परिवार वालों ने घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए बेलघरिया थाने में शिकायत दर्ज करवायी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चांपदानी पहुंचे सांसद कल्याण बनर्जी, भाजपा और शुभेंदु अधिकारी पर बोला तीखा हमला

**हुगली :** श्रीरामपुर लोकसभा से तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी चांपदानी पहुंचे। उनके साथ चांपदानी नगरपालिका के चेयरमैन सुरेश मिश्रा और चांपदानी विधानसभा के विधायक अरिंदम गुइन समेत पार्षद भी मौजूद थे। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिरों में जाकर भगवान के दर्शन किए और पूजा अर्चना की। मंदिर दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में कल्याण बनर्जी ने नेता प्रतिपक्ष शुवेंदु अधिकारी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, शुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम का गुंडा है। जो लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए भगवान का नाम लेते हैं, वे सच्चे हिन्दू नहीं हो सकते। भगवान श्रीराम ने कभी भेदभाव नहीं किया, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुष-ोत्तम कहा जाता है। उन्होंने भाजपा पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा बंगाल की संस्कृति को नहीं समझती क्योंकि पार्टी का उदय राज्य में



हाल ही के वर्षों में हुआ है। शस्त्र लेकर शोभायात्रा निकालना सही नहीं है। भाजपा न तो नियम मानती है और न ही कानून का पालन करती है। वह केवल लोगों को भड़काने का काम करती है। कल्याण बनर्जी ने धर्म की राजनीति पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में सत्ता की भूख छुपी है। जो सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, वही असली हिन्दू हैं। हिन्दू सहिष्णु होता है, न कि बांटने वाला। कुछ तथाकथित हिन्दू राजनीति के लिए भगवान श्रीराम का इस्तेमाल कर रहे हैं। सांसद ने कहा कि भाजपा का एक नेता एक करोड़ हिन्दुओं को लेकर सड़कों पर उतरने की बात करता है। वह गुंडा अब कहां है? जो गुंडागर्दी करेगा, उसे जवाब मिलेगा, उन्होंने चेतावनी दी। कहा कि तृणमूल कांग्रेस सभी धर्मों और वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बलिया में युवक ने घरेलू विवाद के चलते आत्महत्या की

**बलिया :** बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र में एक गांव के बगीचे में एक युवक ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार मृत युवक की पहचान नगरा थानाक्षेत्र के इनामीपुर गांव के निवासी विवेक कुमार (26) के रूप में हुई है। रविवार रात को वह पेड़ पर फांसी पर लटका मिला। रसड़ा क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशीष मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। सीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि विवेक अपनी पत्नी प्रियंका से अक्सर होने वाले झगड़ों के कारण तनाव में था। मिश्रा ने प्राथमिक छानबीन के हवाले से बताया कि विवेक ने घरेलू कलह को लेकर खुदकुशी का कदम उठाया है। सीओ ने कहा कि मामले में पुलिस जांच कर रही है।

### बलिया में बस और मोटरसाइकिल की टक्कर, दो लोगों की मौत

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में सोमवार सुबह बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना फेफना थाना क्षेत्र में रसड़ा-फेफना मार्ग पर सिंहपुर गांव के समीप की है जब एक निजी बस और मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। थाना प्रभारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार दीपक भारती तथा उसकी मौसी पूनम गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा व न्यायमूर्ति सीडी सिंह ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की शपथ ली

**प्रयागराज :** न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह ने सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने न्यायमूर्ति सिन्हा और न्यायमूर्ति सिंह को शपथ दिलाई। इससे पूर्व, राष्ट्रपति ने 28 मार्च को जारी अधिसूचना के तहत इन दो न्यायाधीशों का इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरण किया था। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा को उड़ीसा उच्च न्यायालय से, जबकि न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह को दिल्ली उच्च न्यायालय से स्थानांतरित किया गया है।

# आंतरिक कलह और टूट से बचने के लिए कांग्रेस ने राजनीतिक अस्थिरता पैदा की : योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक राष्ट्र-एक चुनाव मुद्दे पर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अपनी आंतरिक कलह और टूट से बचने के लिए कांग्रेस ने देश को भटकाया एवं राजनीतिक अस्थिरता पैदा की। योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक राष्ट्र-एक चुनाव अभियान के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 1952 से 1967 तक लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए, लेकिन कांग्रेस की अंदरूनी टूट के बाद यह प्रथा समाप्त हो गयी। उन्होंने कहा कि 1967 के बाद सरकारें भंग की गयीं, राष्ट्रपति शासन लगा और राजनीतिक अस्थिरता ने देश को भटकाया। उन्होंने कहा कि 1980 के दशक में भी यह मुद्दा उठा, लेकिन आगे नहीं बढ़ सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों और जनजागरण के जरिए इसे 2034 तक लागू करने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। योगी ने कहा कि विधानसभाओं के कार्यकाल को समायोजित कर एक साथ चुनाव संभव हों ऐसा किया जाए, जिससे 3.5 से 4.5 लाख करोड़ रुपये के सालाना खर्च को विकास कार्यों में लगाया जा सके। उन्होंने अनुमान लगाया कि बार-बार चुनाव से 3.5 से 4.5 लाख करोड़ रुपये का बोझ जनता पर पड़ता है, जो विकास कार्यों में लगाया जा सकता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी पंसद का जनप्रतिनिधि चुनना जनता का अधिकार है, लेकिन बार-बार चुनाव जनता पर अनावश्यक बोझ डालता है। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक अस्थिरता को न सिर्फ जन्म देता है बल्कि देश के अंदर विकास की संभावनाओं को बाधित करता है और सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक अस्थिरता कभी भी देश को संप्रभु संपन्न और विकसित देश की परिकल्पना को साकार करने में सहभागी नहीं बन सकती है। उनका कहना था कि बार-बार का चुनाव देश- प्रदेश की जीडीपी को प्रभावित करता है तथा विकास के लिए चालू योजनाओं में बाधक का काम करता है, ऐसे में लोकतंत्र के प्रति लोगों के आकर्षण भी घटता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विजन को साकार करने की आवश्यकता है, जो 2019 में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा अनावरण के दौरान घोषित हुआ था। योगी ने कहा कि यह विचार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का भी था, जिन्होंने राजनीतिक स्थिरता को सुशासन, सुरक्षा और विकास की पहली शर्त माना था।

### सरकार का संकल्प, किसी के साथ नहीं होगा अन्याय : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भरोसा दिया कि सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय न हो। योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन, सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा, किसी को भी घबराने या परेशान होने की जरूरत नहीं है। हर पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर सुनिश्चित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा।

# हम बिहार में अपनी गलतियों से सीख रहे हैं, दलितों का सशक्तीकरण अब सर्वोच्च प्राथमिकता : राहुल गांधी



**पटना :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी बिहार में अपनी गलतियों से सबक ले रही है, जहां पार्टी दलितों के सशक्तीकरण के जरिए सर्वांगीण विकास लाने में पिछड़ गयी थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राज्य की राजधानी में एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन राज्य में महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले हो रहा है जिसमें कांग्रेस, राजद और वाम दलों के साथ गठबंधन करके, मजबूत सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से मुकाबला करेगी। 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसी व्यवस्था बना दी है, जिसमें देश को पांच प्रतिशत आबादी चला रही है और 10-15 लोग पूरे कॉरपोरेट जगत को नियंत्रित कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, कांग्रेस में मैं यह स्वीकार करने वाला पहला व्यक्ति हूं कि हमने बिहार में उस उत्साह के साथ काम नहीं किया, जैसा हमें करना चाहिए था। लेकिन हम अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ेंगे। हमारी पार्टी और जिस गठबंधन का हम हिस्सा हैं, वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए प्रयास करेगा। राज्य में 1990 के दशक की मंडल लहर के साथ उनकी पार्टी का पतन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा, हमने हाल ही में कुछ ऐसा किया जो भले ही बहुत अच्छा न रहा हो लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण था। हमने जिला कांग्रेस समितियों का पुनर्गठन किया। पहले इनमें से दो तिहाई का नेतृत्व उच्च जातियों के पास था। अब इनमें से दो तिहाई का नेतृत्व वंचित जातियों के पास है। यह संगठन के लिए (राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन) खरगे जी और मेरे द्वारा दिए गए स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप है। गांधी ने दावा किया कि बिहार स्वतंत्रता संग्राम से लेकर महान राजनीतिक परिवर्तनों की भूमि रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में राजग की राजनीति अरबपतियों के हितों का पोषण कर रही है। उन्होंने कहा, हमें पूरा विश्वास है कि बिहार एक बार फिर बदलाव का उत्प्रेरक बनेगा। चार महीने में राज्य के अपने तीसरे दौरे पर आए राहुल गांधी इससे पहले लगभग 150 किलोमीटर दूर बेगूसराय गए थे, जहां उन्होंने पलायन रोको, नौकरी दो पद-यात्रा में भाग लिया था।

# जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना हमारी प्राथमिकताः भजनलाल शर्मा



**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जनता से किए अपने वादे को समय पर पूरा करेगी और जनता को जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधा देना उसकी प्राथमिकता है। शर्मा ने कहा,'' हम 'विकसित भारत और विकसित राजस्थान' की दृष्टि के साथ 'आपणो अग्रणी राजस्थान-आपणो स्वस्थ राजस्थान' के संकल्प को साकार करने की दिशा में प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रहे हैं। हमने प्रदेशवासियों से जो वादा किया है, वह हर हाल में समय पर पूरा होगा। इसमें कोई लापरवाही नहीं होगी।'' आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार ने पिछले एक साल में स्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आज निरामय राजस्थान जैसे व्यापक जन अभियान और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री का कहना था कि इनमें टाइप-1 मधुमेह की देखभाल के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत भारत के पहले समर्पित कार्यक्रम मिशन मधुहारी की शुरुआत, मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना की शुरुआत, 24 मोबाइल मेडिकल यूनिट 'राम रथ' तथा 10 उन्नत जीवनरक्षक प्रणाली एंबुलेंस की शुरुआत, 'ईट राइट (सही भोजन करें) राजस्थान अभियान तथा 'मिशन लीवर स्माइल (यकृत को स्वस्थ रखें)' की शुरुआत आदि शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति की पद्धतियां स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं तथा नवरात्र के नौ दिन संयम, उपवास और साधना के माध्यम से 'हमें यह सिखाते हैं कि हमारी संस्कृति में भी स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया है।'

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर शुरू, तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार



**जयपुर :** राजस्थान के ज्यादातर इलाकों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है जहां अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस तक अधिक हो गया है। सोमवार को बाड़मेर में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार फिलहाल राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है जो सामान्य से पांच से सात डिग्री सेल्सियस अधिक है। सोमवार को सर्वाधिक अधिकतम तापमान बाड़मेर में 45.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 6.8 डिग्री ज्यादा है। इसके अलावा चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 7.2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। इसके अनुसार राज्य में आगामी तीन-चार दिन मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में दो डिग्री तक की और बढ़ोतरी होने की संभावना है। तेज गर्मी एवं लू का सबसे अधिक असर सात से नौ अप्रैल के दौरान बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा एवं जयपुर संभागों के अधिकतर क्षेत्रों में रहेगा। इस दौरान जोधपुर, बीकानेर और कोटा संभागों में कहीं-कहीं भीषण गर्मी पड़ सकती है।

### प्रयागराज में हथियारों के तीन तस्कर गिरफ्तार, 10 स्वचालित पिस्तौल, चार तमंचा बरामद

**प्रयागराज (उप्र) :** प्रयागराज में पुलिस ने दूसरे जिलों में असलहे की तस्करी करने के आरोप में तीन आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 10 स्वचालित अवैध पिस्तौल, चार अवैध तमंचे और आठ खाली मैगजीन बरामद की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (यमुना नगर) विवेक यादव ने बताया कि सोमवार को नैनी थाने और एसओजी की टीम ने संयुक्त कार्यवाही में असलहे की तस्करी करने के तीन आरोपियों- नीरज मिश्रा, सुनील दुबे और सत्य प्रकाश यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 स्वचालित अवैध पिस्तौल, चार अवैध तमंचे और आठ खाली मैगजीन बरामद की। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों के खिलाफ थाने में आयुध अधिनियम की धारा 3/25 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मेजा थानाक्षेत्र के खानपुर के निवासी विपिन दुबे से 26,000 रुपये की दर से पिस्तौल और 3500 रुपये की दर से तमंचा खरीदते थे तथा फिर 30,000 रुपये की दर से पिस्तौल एवं 4500 रुपये की दर से तमंचा बेचते थे। विवेक यादव ने बताया कि नीरज मिश्रा के खिलाफ प्रतापगढ़, भदोही और प्रयागराज में 12 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सुनील दुबे के खिलाफ यह पहला मुकदमा है। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि सत्य प्रकाश यादव के खिलाफ पहले से एक मुकदमा मेजे थाने में दर्ज है।

### राजस्थानः उच्च न्यायालय ने आसाराम की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई

**जोधपुर :** राजस्थान उच्च न्यायालय ने वर्ष 2013 में दुष्कर्म के एक मामले में स्वयंभू संत आसाराम की अंतरिम जमानत अवधि सोमवार को एक जुलाई तक के लिए बढ़ा दी।आसाराम ने 31 मार्च को अपनी अंतरिम जमानत अवधि पूरी होने के बाद एक अप्रैल को जोधपुर केंद्रीय कारागार में आत्मसमर्पण कर दिया था।न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति विनीत कुमार की खंडपीठ ने आसाराम की याचिका को उन्हीं शर्तों पर स्वीकार किया, जो उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित की थीं।शर्तों में किसी भी तरह के प्रवचन या अनुयाइयों के साथ एकत्र होने पर रोक शामिल है।आसाराम की याचिका पर दो अप्रैल को सुनवाई हुई थी, जिसमें प्रतिवादी के वकील पीसी सोलंकी ने राहत दिये पर आपत्ति जताई और दलील दी कि उन्होंने (आसाराम ने) इंदौर स्थित अपने आश्रम में भक्तों के लिए प्रवचन आयोजित करके जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है।सोलंकी ने अपने दावे के समर्थन में अदालत में वीडियो साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिसके बाद अदालत ने आसाराम से हलफनामा मांगा।आसाराम के वकील निशांत बोरा ने सोमवार को अदालत में हलफनामा दायर करने के बाद कहा, अदालत ने हलफनामा स्वीकार कर लिया और एक जुलाई तक अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने के हमारे अनुरोध को मंजूरी दे दी।

---

समीक्षा

## धर्म-अध्यात्म

### व्रत - त्यौहार

**08.04.2025 : कामदा एकादशी व्रत**

**10.04.2025 : महावीर जयंती**

**14.04.2025 : खरमास समाप्त**

# किस दिन मनाई जाएगी गंगा सप्तमी?

हर नदी सिर्फ जलधारा होती है, लेकिन गंगा सिर्फ नदी नहीं, बल्कि आस्था की अमृतधारा है। कहा जाता है कि जब पापों से थकी धरती ने शुद्धि की गुहार लगाई, तब स्वर्गलोक से मां गंगा ने कदम रखा हमारी धरती पर। और यही क्षण आज भी गंगा सप्तमी के रूप में मनाई जाती है। हिंदू धर्म में गंगा सप्तमी का विशेष महत्व है। इस खास अवसर पर लोग पावन और पवित्र गंगा नदी में स्नान कर के अपने सारे पापों से निजात पाते हैं। इसके साथ ही मां गंगा की पूजा अर्चना करते हैं। इस साल यह पावन पर्व शनिवार, 3 मई 2025 को मनाया जाएगा। तो आज की इस खबर में हम आपको गंगा सप्तमी की तिथि और शुभ मुहूर्त के बारे में बताने जा रहे हैं। इसके साथ ही हम यह भी बताएंगे गंगा सप्तमी से जुड़ी कौन सी पौराणिक कथा शामिल है। आइए जानते हैं।

### तिथि और शुभ मुहूर्त

गंगा सप्तमी 3 मई को सुबह 7:51 बजे से शुरू होकर 4 मई को सुबह 7:18 बजे खत्म होगी। ऐसे में आपको भ्रमित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि आप 3 मई को ही पूजा अर्चना कर सकते हैं। पूजन का सही समय सुबह 10:58 से दोपहर 1:38 बजे तक है। यह वही समय है जब मां गंगा की उपासना, स्नान और दान का पुण्य कई गुना फलदायी होता है।

### क्या है गंगा सप्तमी से जुड़ी कथा?

गंगा सप्तमी को गंगा जयंती भी कहा जाता है, क्योंकि इसी दिन स्वर्ग से धरती पर गंगा का दिव्य अवतरण हुआ था। ब्रह्मा द्वारा जन्मी, शिव की जटाओं में समाई और भगीरथ की तपस्या से बहती हुई गंगा साक्षात मोक्ष का मार्ग बन गईं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा स्नान से जन्म-जन्मांतर के पाप कट जाते हैं और आत्मा को शांति व मुक्ति मिलती है।

### स्नान करने के बाद दान-पुण्य भी करें

गंगा सप्तमी पर स्नान का विशेष महत्व है। अगर आप प्रयागराज, हरिद्वार, ऋषिकेश या वाराणसी जैसे पवित्र तीर्थों में हैं, तो गंगा में डुबकी जरूर लगाएं।



अगर गंगा तक पहुंचना संभव नहीं हो, तो घर में स्नान करते समय जल में कुछ बूंदें गंगाजल की मिला लें। हालांकि, कहा जाता है कि भावनाओं की पवित्रता ही सबसे बड़ा तप है। स्नान के बाद तिल, वस्त्र, अन्न, दक्षिणा आदि का दान करने से पुण्य फल कई गुना बढ़ जाता है।

### दीपकों से की जाती है मां गंगा की आरती

गंगा सप्तमी पर गंगा घाटों पर एक अलग ही उल्लास देखने को मिलता है। हजारों दीपों से सजी गंगा आरती, मंत्रोच्चारण और शंख ध्वनि से गूंजते घाट। सब मिलकर एक ऐसा अनुभव रचते हैं, जो आत्मा तक को झकझोर देता है। भक्तजन इस दिन मां गंगा की पूजा करते हैं, व्रत रखते हैं और विशेष मंत्रों का जाप करते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि सच्चा मोक्ष केवल गंगा में डुबकी से नहीं, बल्कि अपने कर्मों को पवित्र करने से मिलता है।

# नीलम से लेकर पन्ना तक, किस दिन पहनना चाहिए कौन सा रत्न?

आपने देखा होगा कि कई लोग अपनी राशि के अनुसार रत्न धारण करते हैं। हालांकि, यह कितने असरदार होते हैं, इसके बारे में वही व्यक्ति बता सकता है, जिसने इन्हें धारण किया हो। कहते हैं कि रत्न केवल चमकदार पत्थर नहीं होते, ये आपके जीवन को बदलने की ताकत रखते हैं। हर रत्न किसी न किसी ग्रह से जुड़ा होता है, और जब उसे सही दिन, सही तरीके से पहना जाता है, तो उसका असर आपके जीवन में दिखाई देने लगता है। जीवन में जब भी कोई बड़ा बदलाव आता है या फिर लंबे समय से कोई परेशानी पीछा नहीं छोड़ती है तो व्यक्ति रत्न धारण करता है। इसके लिए एक अहम नियम यह है कि हर दिन के लिए एक खास रत्न होता है। तो आज की इस खबर में हम आपको दिन के हिसाब से रत्नों के बारे में बताने जा रहे हैं कि किस रत्न को किस दिन धारण करना चाहिए और इसके क्या प्रभाव हैं। आइए जानते हैं।



**रविवार**

रविवार का दिन भगवान सूर्य का होता है और इस दिन माणिक्य यानी रूबी पहनना शुभ माना जाता है। ये रत्न आत्मविश्वास बढ़ाता है और इज्जत दिलाने में मदद करता है। इसे सोने की अंगूठी में अनामिका यानी रिंग फिंगर में पहना जाता है। इसके प्रभाव से आपका मानसिक विकास भी होगा और आप अपने आत्मविश्वास के दम पर आगे भी बढ़ेंगे।

**सोमवार**

सोमवार का दिन महादेव और चंद्रमा का होता है। अगर आप इस दिन मोती धारण करते हैं तो आपको मानसिक शांति मिलती है और आपका मन भी शांत रहता है। मोती पहनने से भावनाएं संतुलित होती हैं और नींद अच्छी आती है। मोती को चांदी की अंगूठी में कनिष्ठा यानी छोटी उंगली में पहनना चाहिए। इसका प्रभाव जरूर देखने को मिलता है।

**मंगलवार**

मंगलवार का दिन हनुमान जी का होता है और इस दिन मूंगा पहना जाता है। यह मंगल ग्रह से जुड़ा होता है। यह साहस और हिम्मत देता है, साथ ही शारीरिक ताकत बढ़ाता है। इसे तांबे या सोने में जड़वाकर अनामिका में पहना जाता है। इसका प्रभाव लंबे समय कर रहता है और आप उसकी सकारात्मक ऊर्जा को महसूस भी कर पाएंगे।

**बुधवार**

बुधवार का दिन बुध ग्रह के लिए होता है और इस दिन पन्ना पहनना लाभकारी होता है। यह दिमाग को तेज करता है। इसके साथ ही बोलने की क्षमता सुधारता है और व्यापार में भी मदद करता है। इसे सोने या चांदी की अंगूठी में कनिष्ठा में पहनना चाहिए। ऐसे पहनना काफी लाभकारी होता है।

**गुरुवार**

गुरुवार भगवान विष्णु या फिर बृहस्पति ग्रह का दिन होता है। इस दिन पुखराज पहनने से पढ़ाई, धन, शादी और आध्यात्मिक उन्नति में फायदा मिलता है। इसे सोने में जड़वाकर तर्जनी यानी इंडेक्स फिंगर में पहनते हैं। इसका लाभ जल्द ही देखने को मिलता है।

**शुक्रवार**

शुक्रवार का दिन होता है शुक्र ग्रह का। इस दिन हीरा पहनने से प्यार, सुंदरता और आकर्षण बढ़ता है। इसे सोने या प्लेटिनम की अंगूठी में मध्यमिका यानी बीच की उंगली में पहना जाता है। ऐसा करना काफी लाभकारी भी माना जाता है।

**शनिवार**

शनिवार शनिदेव या न्याय के देवता का दिन होता है और इस दिन नीलम रत्न पहना जाता है। ये रत्न मेहनत का फल दिलाता है। बुरे समय से निकालता है और जीवन में स्थिरता लाता है। इसे लोहे या पंचधातु में जड़वाकर मध्यमा उंगली में पहनते हैं।

# घर पर खुद से तुलसी के पौधे उगने से मिलता यह शुभ संकेत, जीवन से दूर होती हैं ये परेशानियां



कहते हैं कि प्रकृति वो खूबसूरत भाग है, जो चुपचाप कोई संदेश भेजती है, बिना कहे, बिना शोर मचाए। प्रकृति को किसी भी मानवीय छेड़छाड़ की जरूरत नहीं पड़ती है। वह खुद को खूबसूरत बनाने में सक्षम है। हालांकि, कई बार प्रकृति कुछ ऐसी चीजें भी कर जाती है, जिस पर हमें बिल्कुल भी भरोसा नहीं होता है। क्या आपने भी कहीं देखा है कि जब तुलसी का पौधा अपने आप घर में उग आता है।

न किसी ने बीज बोया, न कोई योजना बनाई और फिर भी, वो नन्हा-सा हरा चमत्कार मिट्टी से सिर उठाकर खड़ा हो जाता है, जैसे कह रहा हो कि मैं तुम्हारे घर आया हूं। तो कितना अच्छा लगता है। तो इसी क्रम में आज की इस खबर में हम आपको बताने जा रहे हैं कि अगर घर में खुद-ब-खुद तुलसी का पौधा उग जाए तो यह कैसा संदेश देती है।

### तुलसी के पौधे के उग जाने का क्या है मतलब?

हिंदू धर्म में तुलसी सिर्फ एक पौधा नहीं है। वह भक्ति है, वह आस्था है का शुभ संकेत है। तुलसी को देवी लक्ष्मी का रूप और भगवान विष्णु की प्रिया माना जाता है। जब वह बिना बोए आपके आंगन में उगती है, तो यह कोई सामान्य घटना नहीं होती। यह माना जाता है कि आपके घर की भूमि इतनी पवित्र हो चुकी है कि उसमें खुद देवी ने अपना वास चुन लिया है। कहा जाता है कि ऐसे समय में घर पर भगवान की कृपा बरस रही होती है। यह एक चुपचाप दिया गया आशीर्वाद होता है। यह संकेत देता है कि अब नकारात्मक ऊर्जा का नाश होगा, और उसका स्थान शांति, सुख और समृद्धि लेने वाली है।

### क्या है इससे जुड़ी मान्यताएं?

वहीं, इससे जुड़ी एक और मान्यता यह है कि कुछ लोगों का यह भी मानना है कि पूर्वजों की आत्माएं इस रूप में अपना आशीर्वाद भेजती हैं। जैसे किसी अनकहे वचन में वे आपको भरोसा दिला रही हों कि आप अकेले नहीं हैं। जब तुलसी अपने आप उगती है, तो उस पौधे की देखभाल केवल बागवानी नहीं रह जाती, वह एक सेवा बन जाती है। तुलसी के पौधे को रोज जल देना, उसके पास दीपक जलाना चाहिए, जिससे आपके पूर्वजों का आशीर्वाद आपको मिलता रहे।

### तुलसी के पौधे की करें सेवा

यह बात ध्यान देने की है कि अगर आपके भी घर में खुद ही तुलसी का पौधा उग जाता है तो ऐसे में उसे उखाड़ना या अनदेखा करना अशुभ माना जाता है। उसके लिए घर में उत्तर, उत्तर-पूर्व या पूर्व दिशा सबसे पवित्र मानी जाती है। इससे घर में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। यही नहीं, तुलसी का पौधा इस बात का भी प्रतीक है कि आपको व्यवसाय या फिर बिजनेस में काफी अच्छी और बड़ी सफलता मिलने वाली है और घर में धन वर्षा और समृद्धि लाने वाली है। ऐसे में आप भी इस पौधे की खूब सेवा करें।

# अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अग्रिम चौकी का दौरा किया



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर केंद्रशासित प्रदेश आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की अग्रिम चौकी का सोमवार को दौरा किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कठुआ में पिछले एक पखवाड़े से पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ व्यापक अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि शाह दोपहर में जम्मू से कठुआ के हीरानगर सेक्टर के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए और बाद में उन्हें बीएसएफ की चौकी 'विनय' ले जाया गया ताकि वह जमीनी हालात का जायजा ले सकें। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, बीएसएफ में जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक शशांक आनंद और जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक भीम सेन टूटी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गृह मंत्री की अगवानी की।

## अमित शाह ने 10 शहीद पुलिसकर्मियों और इंजीनियर के परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे



**जम्मू :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में पिछले एक साल में विभिन्न आतंकवादी हमलों में जान गंवाने वाले 10 पुलिसकर्मियों और एक इंजीनियर के परिवारों से सोमवार को मुलाकात की और परिजनों को नियुक्ति पत्र सौंपे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र शासित प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर आए मंत्री ने यहां राजभवन में परिवारों से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री से मुलाकात करने वाले परिवारों में चार पुलिसकर्मियों के परिजन भी शामिल थे। इन पुलिसकर्मियों की हाल में कठुआ जिले में पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ में मौत हो गई थी।

## ईडी ने केएलएफ के सदस्य जसमीत हकीमजादा की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्कर और आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के सदस्य जसमीत हकीमजादा के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले की जांच के तहत हरियाणा स्थित उसकी अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसने ''मादक पदार्थ की तस्करी से प्राप्त नकदी को भारत के बैंक खातों में जमा किया।'' ईडी ने कहा कि इन पैसों का उपयोग गुरुग्राम (हरियाणा) में उसके नाम पर अचल संपत्तियों की खरीद के लिए किया गया था। 1.22 करोड़ रुपये मूल्य की इन संपत्तियों को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अनंतिम रूप से कुर्क कर लिया गया है। ईडी ने कहा कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) और केएलएफ के पाकिस्तान स्थित स्वयंभू प्रमुख हरमीत सिंह उर्फ पीएचडी के साथ भी जुड़ा हुआ है। ईडी के अनुसार, हकीमजादा वर्तमान में दुबई में रहता है और वह भारत में ''सक्रिय रूप से'' मादक पदार्थ-आतंकी गिरोह संचालित कर रहा है। एजेंसी ने कहा, ''उसने केएलएफ की मादक पदार्थ तस्करी गतिविधियों के माध्यम से अर्जित अपराध की आय को अमृतसर (पंजाब) स्थित 'फुल फ्लेज्ड मनी चेंजर' (एफएफएमसी) की मदद से हवाला के जरिए दुबई पहुंचाया था।'' ईडी ने पिछले साल 27 अगस्त को इस मामले में छापेमारी की थी और दिल्ली में हकीमजादा और उसकी पत्नी के नाम पर कुछ ''गुप्त'' बैंक लॉकर का पता लगाया था। इन लॉकरों में 1.06 किलोग्राम ''बेहिसाबी'' सोना और 370 ग्राम हीरे के आभूषण थे, जिन्हें ईडी ने जब्त कर लिया था।

## तीन इनामी माओवादियों समेत 26 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को तीन इनामी माओवादियों समेत 26 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में चलाए जा रहे लोन वर्राटू (अपने घर/गांव वापस लौटो) अभियान से प्रभावित होकर तीन इनामी माओवादियों समेत 26 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। अधिकारियों के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से राजेश कश्यप आमदई एरिया जनमिलिशिया का कमांडर था। उसके सिर पर तीन लाख रुपये का इनाम है। अधिकारियों का कहना है कि इसी तरह नक्सली कोसा माड़वी जनताना सरकार का अध्यक्ष था। उसके सिर पर एक लाख रुपये का इनाम है। नक्सली छोटू कुंजाम चेतना नाट्य मंच (सीएनएम) का सदस्य था। उसके सिर पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित है।

## ऐप की मदद से जा रहे लोगों की कार आधी रात में बारिश के बीच दलदल में फंसी

**मलप्पुरम (केरल) :** उत्तर केरल के निलाम्बुर में रविवार को ऐसा वाकया हुआ जिसमें दिशानिर्देशक (नेविगेशन) ऐप की मदद से जा रहे लोगों की कार आधी रात में घने जंगल में उस समय फंस गई जब वहां तेज बारिश हो रही थी। कुछ लोग एक प्रसिद्ध नेविगेशन ऐप की मदद से जंगल के रास्ते से गुजर रहे थे और भारी बारिश के बीच जंगल में फंस गए। अंतत: उन्हें दमकल विभाग और बचाव सेवा कर्मियों ने बचाया। पड़ोसी वायनाड जिले के कालपेट्टा निवासी पांचों पुरुष निलाम्बुर में एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। अधिकारियों के अनुसार जंगली मार्ग से अनजान उन लोगों ने एक नेविगेशन ऐप का इस्तेमाल किया। एक अधिकारी ने कहा, ''दरअसल वे अपना रास्ता नहीं भूले थे। जंगल में एक रास्ता है जो निलाम्बुर में उनके गंतव्य तक जाता है। हालांकि, जब वे रात में जंगल में घुसे तो भारी बारिश हो रही थी और उनकी कार एक दलदली रास्ते में फंस गई।''

## अमेरिकी शीर्ष अदालत ने तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका खारिज की

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। पाकिस्तानी मूल का 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। उसने 27 फरवरी को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय की एसोसिएट न्यायाधीश और नौवें सर्किट की सर्किट न्यायाधीश एलेना कागन के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवेदन प्रस्तुत किया था। पिछले महीने की शुरुआत में कागन ने आवेदन अस्वीकार कर दिया था।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सड़क पर बस के पलट जाने से एक बच्चे समेत दो यात्रियों की मौत, 14 अन्य घायल

**देहरादून (उत्तराखंड) :** देहरादून जिले के सहसपुर में सोमवार को एक वाहन से टकराकर बस के सड़क पर पलट जाने से एक बच्चे समेत दो यात्रियों की मौत हो गयी तथा 14 अन्य घायल हो गए । पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने यहां बताया कि विकासनगर से देहरादून आ रही बस सहसपुर के सिंहनीवाला क्षेत्र में एक मालवाहक वाहन से टकराकर सड़क पर पलट गयी । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा एक व्यक्ति और एक बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया।

### पाकिस्तान ने बैसाखी त्योहार के लिए भारतीय तीर्थयात्रियों को 6,500 से अधिक वीजा जारी किए

**नयी दिल्ली :** पाकिस्तान उच्चायोग ने 10-19 अप्रैल तक आयोजित होने वाले वार्षिक बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं के लिये 6,500 से अधिक वीजा जारी किए हैं । यह जानकारी सोमवार को दी गई। हर साल, भारत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु 1974 के धार्मिक स्थलों की यात्रा पर पाकिस्तान-भारत प्रोटोकॉल के ढांचे के तहत विभिन्न धार्मिक त्योहारों या अवसरों का पालन करने के लिए पाकिस्तान जाते हैं। पाक उच्चायोग ने एक बयान में कहा, ''बैसाखी समारोह के अवसर पर, नयी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने 10-19 अप्रैल तक पाकिस्तान में आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव में भाग लेने के लिए भारत के श्रद्धालुओं के लिये 6,500 से अधिक वीजा जारी किए हैं।'' इसमें कहा गया है कि श्रद्धालु, अन्य बातों के अलावा, गुरुद्वारा पंजा साहिब, गुरुद्वारा ननकाना साहिब और गुरुद्वारा करतारपुर साहिब के दर्शन करेंगे।

### बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना: आईएमडी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा में जारी भीषण गर्मी के बीच, चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव में बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से के मध्य में कम दबाव का क्षेत्र बन गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक उमा शंकर दास ने कहा कि निम्न दबाव के क्षेत्र के आठ अप्रैल तक उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने तथा फिर अगले 48 घंटों के दौरान बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य की ओर बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने अपने मध्याह्न बुलेटिन में कहा कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने के बावजूद ओडिशा के जिलों में शुष्क मौसम बना हुआ है। आईएमडी ने कहा कि उत्तरी ओडिशा के जिलों में एक या दो स्थानों पर अधिकतम तापमान में लगभग दो-चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई, लेकिन कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है। आईएमडी ने कहा कि ओडिशा के तटवर्ती जिलों में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक रहने का अनुमान है।

## वक्फ अधिनियम 'असंवैधानिक', उच्चतम न्यायालय से न्याय की उम्मीद: फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर :** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि उनकी पार्टी इसके खिलाफ है और उन्हें उच्चतम न्यायालय से इंसाफ की उम्मीद है। अब्दुल्ला ने कहा, नेकां इस (वक्फ) विधेयक के खिलाफ है। हमारा मानना है कि यह असंवैधानिक है और पार्टियां उच्चतम न्यायालय चली गई हैं... यही कारण है कि (जम्मू-कश्मीर विधानसभा के) अध्यक्ष ने चर्चा की अनुमति नहीं दी, क्योंकि यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय पहुंच गया है। अब्दुल्ला ने मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में संवाददाताओं से कहा, हमें उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय इंसाफ करेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे पर टिप्पणी पूछे जाने पर नेकां अध्यक्ष ने कहा कि यह अच्छा है क्योंकि वह केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति का आकलन कर सकते हैं और उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द ही बहाल हो जाएगा। अब्दुल्ला ने कहा, वह (केंद्रीय गृह मंत्री) नियमित रूप से आते हैं। यह अच्छी बात है कि वह आते हैं, वह स्थिति देख सकते हैं, सीमाओं पर स्थिति, राज्य की स्थिति।

## भारत 'सैन्य अंतरिक्ष सिद्धांत' पर कर रहा काम, तीन महीने में सामने आने की उम्मीद: सीडीएस



**नयी दिल्ली :** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को कहा कि भारत एक ''सैन्य अंतरिक्ष सिद्धांत'' पर काम कर रहा है, जिसे दो से तीन महीने में सामने लाए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''हम राष्ट्रीय सैन्य अंतरिक्ष नीति पर भी काम कर रहे हैं।'' सीडीएस ने यहां भारतीय रक्षा अंतरिक्ष संगोष्ठी के तीसरे संस्करण में अपने उद्घाटन भाषण में हाल के वर्षों में देश द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में किए गए सुधारों और रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी के कार्यों पर जोर दिया। रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी बाहरी अंतरिक्ष में भारत के हितों की रक्षा करने और अंतरिक्ष युद्धों के खतरों से निपटने के लिए क्षमताओं को विकसित करने वाली प्रमुख एजेंसी है। जनरल चौहान ने कहा कि मानवता ऐसे युग के मुहाने पर खड़ी है, जहां अंतरिक्ष क्षेत्र युद्ध के एक नए मैदान के रूप में उभर रहा है। सीडीएस ने ''अंतरिक्ष संस्कृति'' विकसित करने की भी वकालत की, जिसमें सिद्धांत, अनुसंधान और समर्पित युद्ध विद्यालय विकसित करने जैसे तत्व शामिल हों। उन्होंने रक्षा और अंतरिक्ष विशेषज्ञों की सभा में कहा, ''रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी एक सैन्य अंतरिक्ष सिद्धांत लाने पर काम कर रही है, और उम्मीद है कि यह दो या तीन महीने में सामने आ जाएगा। हम एक राष्ट्रीय सैन्य अंतरिक्ष नीति पर भी काम कर रहे हैं।'' चौहान ने रक्षा क्षेत्र के लिए 52 उपग्रहों के समूह को सरकार की मंजूरी का भी उल्लेख किया, जिनमें से 31 उपग्रह निजी क्षेत्र द्वारा निर्मित किए जाएंगे।

## भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सह्याद्री कोलंबो पहुंचा



**नयी दिल्ली :** हिंद महासागर क्षेत्र में तैनात भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस सह्याद्री कोलंबो पहुंचा है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह यात्रा भारत और श्रीलंका के बीच समुद्री संबंधों को मजबूत करने पर प्रकाश डालती है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों नौसेनाओं के कर्मी परिचालन तालमेल बढ़ाने के लिए जानकारी साझा करने और संयुक्त गतिविधियों में शामिल होंगे। अधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को रेखांकित करती है तथा भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और दृष्टिकोण 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) पहल के तहत सहयोग को आगे बढ़ाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्च में मॉरीशस की अपनी यात्रा के दौरान 'ग्लोबल साउथ' की सुरक्षा और विकास के लिए यह दृष्टिकोण दिया था। मोदी ने घोषणा की थी कि 'ग्लोबल साउथ' के लिए भारत का नया दृष्टिकोण ''महासागर'' विकास सुरक्षा लाएगा।

## महिला की मौत के बाद इंडिगो विमान की आपात लैंडिंग कराई गई

**छत्रपति संभाजीनगर :** इंडिगो एयरलाइंस के मुंबई से वाराणसी जा रहे विमान में सवार 89 वर्षीय महिला की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई जिसके बाद रविवार रात छत्रपति संभाजीनगर के चिकलठाणा हवाई अड्डे पर विमान की आपात लैंडिंग कराई गई। हवाई अड्डा के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर की सुशीला देवी मुंबई से विमान में सवार हुई थीं और उड़ान के दौरान ही उन्हें बेचैनी महसूस होने लगी थी। अधिकारी के अनुसार, मेडिकल इमरजेंसी के चलते विमान ने रात करीब 10 बजे चिकलठाणा हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग की। हवाई अड्डे पर मौजूद चिकित्सा टीम ने महिला की जांच की लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। इंडिगो एयरलाइंस ने एक बयान में कहा, मुंबई से वाराणसी जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई-5028 को छह अप्रैल को आपातस्थिति के कारण औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) की ओर मोड़ दिया गया था।

## कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करके अपनी लड़ाई जारी रखूंगा: अन्नामलाई



**चेन्नई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने सोमवार को कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरित होकर राजनीति में आए हैं। उन्होंने कहा कि वह शीर्ष नेता के किसी भी सुझाव का कोई सवाल पूछे बगैर बेझिझक होकर पालन करेंगे। यहां संवाददाताओं से बात करते हुए जब उनसे पूछा गया कि उनके समर्थक दीवारों पर पोस्टर लगाकर और केंद्रीय नेतृत्व को पत्र लिखकर उन्हें तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के रूप में बरकरार रखने का समर्थन कर रहे हैं, तो अन्नामलाई ने कहा कि वह कार्यकर्ताओं के साथ जमीनी स्तर पर लोगों जुड़े रहेंगे और पार्टी के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि 'द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के भ्रष्टाचार' को लगातार उजागर किया जाएगा। उन्होंने द्रमुक सरकार के सत्ता से हटने तक जूते न पहनने की अपनी प्रतिज्ञा को याद किया। उन्होंने कहा कि वह करीब चार महीने से चप्पल नहीं पहन रहे हैं। अन्नामलाई ने एक बार फिर संकेत दिया कि वह प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नहीं भी रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि प्रदेश अध्यक्ष के चलते मिलने वाली जिम्मेदारियां उनके पास नहीं रहें। कथित तौर पर अन्नाद्रमुक ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से अन्नामलाई को तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने का अनुरोध किया है ताकि वह 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए उसके साथ गठबंधन कर सके।

## उत्तर प्रदेश में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त: उच्चतम न्यायालय



**नयी दिल्ली :** दीवानी मामलों से संबंधित विवादों में राज्य पुलिस की ओर से प्राथमिकी दर्ज करने से निराश उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि ''उत्तर प्रदेश में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है'' क्योंकि ऐसे मामलों में आपराधिक कानून को ''दिन-रात'' लागू किया जाता है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। दीवानी मामलों को आपराधिक मामले में बदलना स्वीकार्य नहीं है।'' पीठ ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। अपने निर्णयों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि दीवानी मामलों में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती है और उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले के एक पुलिस थाने के थाना प्रभारी या जांच अधिकारी को हलफनामा दायर कर यह बताने को कहा कि आपराधिक कानून क्यों लागू किया गया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''उत्तर प्रदेश में आए दिन कुछ अजीब और चौंकाने वाली घटनाएं हो रही हैं...हर रोज दीवानी मामलों को आपराधिक मामलों में बदला जा रहा है। यह बेतुका है। सिर्फ पैसे न देने को अपराध नहीं बनाया जा सकता।'' उन्होंने कहा, ''हम आईओ (जांच अधिकारी) को कठघरे में आने का निर्देश देंगे। आईओ गवाह के कठघरे में खड़े होकर आपराधिक मामला बनाएं...यह आरोपपत्र दाखिल करने का तरीका नहीं है। आईओ को सबक सीखने दें।'' पीठ ने कहा कि ऐसा लगता है कि राज्य के अधिवक्ता यह भूल गए हैं कि दीवानी अधिकार क्षेत्र नाम की भी कोई चीज होती है।




# बेंगलुरु ने मुंबई को 12 रन से हराया



**मुंबई :** क्रुणाल पांड्या की घातक गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस को 12 रन से हराकर इस सत्र की तीसरी जीत दर्ज की। सोमवार को वानखेड़े में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 221 रन बनाए। जवाब में मुंबई निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 209 रन बना सकी। 2015 के बाद यह आरसीबी की इस मैदान पर मुंबई के खिलाफ पहली जीत है। आरसीबी ने वानखेड़े में मुंबई के खिलाफ 3619 दिन बाद जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली टीम तीसरे पायदान पर पहुंच गई। उनके खाते में छह अंक और 1.015 नेट रन रेट हो गया है। वहीं, मुंबई को इस सत्र में चौथी और लगातार दूसरी शिकस्त मिली है। टीम आठवें स्थान पर है और उनका नेट रन रेट -0.010 हो गया है। शीर्ष पर छह अंक और 1.257 नेट रन रेट के साथ दिल्ली कैपिटल्स है। 222 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। रोहित शर्मा एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्हें यश दयाल ने दूसरे ही ओवर में बोल्ड किया। वह सिर्फ 17 रन बना सके। इसके बाद रेयान रिकेल्टन भी जोश हेजलवुड का शिकार बन बैठे। वहीं, विल जैक्स और सूर्यकुमार यादव क्रमश: 22 और 28 रन बनाकर आउट हुए। 99 पर चार रन खो चुकी मुंबई को एक बड़ी साझेदारी की जरूरत थी और तभी क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या पहुंचे। उन्होंने महज 15 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने तिलक वर्मा के साथ महज 34 गेंदों में 89 रन की साझेदारी निभाई। पिछले मैच में रिटायर्ड हर्ट आउट होने वाले तिलक इस मैच में अर्धशतक बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें हेजलवुड ने लिविंगस्टोन के हाथों कैच कराया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। हालांकि, दोनों अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाम हुए। पारी के आखिरी ओवर में क्रुणाल पांड्या ने तीन विकेट लेकर पासा पलट दिया। उन्होंने नमन धीर (11), मिचेल सेंटनर (8) और दीपक चाहर (0) को अपना शिकार बनाया। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह नाबाद रहे। आरसीबी के लिए क्रुणाल ने चार विकेट लिए जबकि यश दयाल और जोस हेजलवुड ने दो-दो विकेट झटके। वहीं, भुवनेश्वर कुमार को एक सफलता हाथ लगी।

## केकेआर और सुपर जाइंट्स की भिड़ंत में नरायाण और राठी होंगे आमने-सामने




**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और लखनऊ सुपर जाइंट्स इंडियन प्रीमियर लीग के दोपहर के मैच में मंगलवार को जब यहां आमने-आमने होंगे तो यह सुनील नरेन और उनकी तरह गेंदबाजी करने वाले तथा उनके सबसे बड़े प्रशंसक में से एक दिग्वेश राठी के बीच का मुकाबला भी होगा। दोनों टीम के अब तक दो-दो जीत से चार-चार अंक हैं। केकेआर के लिए मौजूदा सत्र अब तक मिश्रित परिणाम वाला रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियन्स के खिलाफ हार के बाद केकेआर ने अपने पिछले मैच में शानदार वापसी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद पर आसान जीत दर्ज की और इस दौरान उसके मध्य क्रम ने भी उपयोगी योगदान दिया जो पिछले कुछ मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा था। टीम के सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर ने अंतत: अच्छा प्रदर्शन किया जबकि रिंकू सिंह और अनुभवी अजिंक्य रहाणे ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। युवा अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभावित किया।

## कोहली ने टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे किये



**मुंबई :** विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान टी20 क्रिकेट में 13,000 रन पूरे करने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने इस आईपीएल सत्र में अपना दूसरा अर्धशतक जड़ा और इस तरह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 13,000 रन बनाने वाले दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन गए। दाएं हाथ के इस महान बल्लेबाज ने अपने करियर में 400 से अधिक मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। कोहली ने पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गये टी20 विश्व कप में भारत के चैंपियन बनाने के अभियान में अहम योगदान देने के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय को अलविदा कह दिया था। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 125 मैच खेले और एक शतक और 38 अर्धशतक के साथ 48.69 की औसत और 137.04 की स्ट्राइक रेट से 4,188 रन बनाए।

॥ वंदे श्री ऋषभं वीरं ॥

SEVA · KNOWLEDGE · ECONOMIC EMPOWERMENT
JITO

विश्व
# नवकार महामंत्र दिवस

JITO KOLKATA

## ONE WORLD, ONE CHANT TOGETHER FOR PEACE

**Date: 9th April, 2025 Time: 7:30 A.M. Onwards Venue: Netaji Indoor Stadium, Kolkata**

### सानिध्य

**पद्मश्री सम्मानित आचार्य पूज्य श्री डा. चन्दनाजी महाराज जी की सुशिष्या**
**साध्वी दिव्याश्री जी**
**साध्वी शाश्वत जी**

**युगप्रधान आचार्यश्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार जी, परमानन्द जी, बाल मुनि कुणाल कुमार जी**

**गणिनी आर्यिका 105 श्री सुयोग्यनंदिनी माताजी**
**आर्यिका श्री 105 श्रुतनंदिनी माताजी**
**क्षुलिका श्री 105 शुभनंदिनी माताजी**
**क्षुलिका श्री 105 शुद्धनंदिनी माताजी**
**ब्रह्मचारिणी शिवांगी दीदी**

### जैन समाज सहभागी संस्थाए

Acharya Mahapragya Mahashraman Education & Research Foundation | Adhinath Bhakt Mondal | Ahinsha Bhawan | All India Youth Mahasabha Bandel Division Anupreksha | Anushruti Lake Town | Arham Yuva Sewa Group | Arihant Mondal | Bally-Belur - Mahila Mandal | Bama Mahila Mondal | BAPS | BBOTC Bhagwan Neminath Chaityalaya, Hanspukuria | Calcutta Zalawadi Sthanakwasi Jain Mitra Mandal | Chandra Swadhayay Mandir | Chintan Mahila Prakoshth Bandel | Digambar Jain Datya Aushdhalaya | Digamber Jain Maha Sabha | Friends Sporting Union | Ghoghari Jain Samaj | Giri Guru Mahila Mandal Gujrati Mahila Mandal | Gurjar Yuva Forum | Jag Jayant Youth Wings | Jain Bhawan | Jain Jagurati Bhawanipore Jain Social Group Downtown (Platinum) | Jain Social Group Eastern Region | Jain Social Group Munch | Jain Social Group Umang | Jain Social Group Utsav Jain Yuvak Samiti | Jain Yuwa Sangathan | Jeev Raksha | Kutchi Jain Sangh Kolkata | Lalit Mahila Mandal Liluah Gujarati Samaj | Liluah Mahila Mandal | Mahaveer Yuva Mondal | Mahavir Bhawan (Rajasthan) Jain Sangh Mahavir Jain Mandal Howrah | Mahila Mandal (Behala) | Mahila Mandal (Madhya Kolkata) | Manav Jyot | Marwar Jain Sangh, Kolkata | Navkar Jain Manch News Gurjari | Padmawati Mahila Mondal | Panchayati Mandir | Paras Mahila Mandal Howrah | Paras Mahila Mondal | Parasdham Parmeshthi Bhajan Mandali, Bandel | Parshwnath Digambar Jain Mandir, Belda | Payal Senior Citizen Forum | Payal Social & Cultural Organisation Paresh Daftary Pran Mahila Mandal | Pushpanjali | Rajkot Jain Mitra Mandal | Rajul Mahila Mondal | Ratan Hitaishi Sravak Sangh | Ratangadh Jain Parishad, Kolkata S. V. Social Welfare Foundation | Sadharmik Group | Samta Mahila Mandal Howrah | Samta Mahila Mandal, Kolkata | Samta Yuva Sangh, Kolkata Samta Yuvak Sangh, Howrah | Samyak Vardhani | Sashwat Mahila Mondal (Hind Motor) | Senior Citizen Manav Seva | Shanti Gurudev Bhakti Pariwar Mahila Mondal Shravika Mahila Mandal | Shree 1008 Padam Prabhu Digamber Jain Chaityalaya, Burtolla | Shree 1008 Parashwanath Digamber Jain Mandir-Bandel Shree 1008 Parashwanath Digamber Jain Mandir-Chinsurah | Shree 108 Praman Sagar Jain Foundation | Shree Adhishwar Mandal Shree Atma Vallabh Jain Sewa Mandal, Kolkata | Shree Attam Ballabh Jankalyan Trust | Shree Bhawanipur Jain Swetambar Murtipujak Sangh Shree Bhomiya Bhakti Mandal | Shree Calcutta Gujarati Samaj | Shree Calcutta Jain Sthanakwasi (Gujarati ) Sangh | Shree Calcutta Kutchi Samaj Shree Dasasrimali Murtipujak Jain Samaj | Shree Digambar Jain Bara Mandir Trust | Shree Digambar Jain Mahila Parishad Shree Digambar Jain Research Foundation | Shree Digamber Jain Chaityalay, Hindmotor | Shree Digamber Jain Chaityalaya, Dobson Shree Digamber Jain Parswanth Mandir, Uttar Para | Shree Digamber Munisubrat Jain Mandir, Belur |Shree Gatubhai Lathia Prerit Sadharmik Group Shree Howrah Sthanakwasi Jain Sangh- Pawandham | Shree Jain Shwetambar Murtipujak Tappagaccha Sangh | Shree Jain Swetambar Mitra Mandal Shree Jain Swetambar Panchayati Temple | Shree Jain Swetambar Terapanthi Mahasabha | Shree Jain Swetambar Terapanthi Sabha Bally Belur Shree Jain Swetambar Terapanthi Vidhyalaya (Society) | Shree Jain Swetamber Terapanth Sabha, Salt Lake | Shree Jain Swetamber Terapanth Sabha, South Howrah Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha (Purvalchal) | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Kolkata | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha, Uttar Howrah Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Tollygunge | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Behala | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Uttar Kolkata | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Uttar Madhya Kolkata | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Liluah | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Uttarpara | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Hind Motor | Shree Jain Swetamber Terapanthi Sabha Rishra | Shree Jinvaram | Shree Kathiawadi Sthanakwasi Jain Samaj Kolkata Shree Mahaveer Jain Mandal | Shree Mahavir Digamber Jain Mandir-Chowringee | Shree Morbi Mitra Mandal | Shree Parasnath Digamber Jain Mandir-Dobson Howrah Shree Paraswanath Digambar Jain Mandir, Purani Badi| Shree Parshwanath Digambr Jain Mandir-Alipore | Shree Sadhumargi Jain Sangh (Hind Motor) Shree Sadhumargi Jain Sangh, Kolkata | Shree Sudharma Jain Sangh | Shree Suparshnath Digamber Jain Mandir-Rishra | Shree Swetambar Society, Madhuban Shree Swetambar Sthanakwasi Jain Sabha | Shree Tollygange Sthanakwasi Jain Sangh Trust | Shree Vardhman Jain Sangh,Kolkata | Shree Veer Mandal Shri 1008 Parshvanath Digambar Jain Admin Committee Bandel | Shri Bhawanipur Murtipujak Jain Swetambar Sanjh | Shri Chandraprabh Chaityalaya, Vikram Vihar Shri Digambar Jain Vidya Mandir, Bandel | Shri Digamber Jain Mandir, Kolaghat | Shri Digamber Jain Naya Mandir-Bally | Shri Digamber Jain Parashnath Mandir, Bally Shri Digambhar Jain Vidhyalaye, Cotton Street | Shri Ghanshyam Das Saraogi Chaityalaya-Bortolla | Shri Hansraj Laxmichand Kamani Jain Bhawan Shri Jain Ratna Seva Trust | Shri Jaisalmeriya Jain Sri Sangh Calcutta | Shri Jineshwar Suri Foundation | Shri Kund Kund Kahan Digamber Swadhyay Mandir, Paddapukur Shri Kushal Sanjan Mahila Mandal | Shri Naminath Digambar Jain Trust-Joka | Shri Neminath Rajendra Suri Jain Trust (Rajendra Bhawan) Shri Parashnath Digamber Jain Mandir, Bangwasi | Shri Sadhumargi Jain Sangh Howrah | Shri Sankeshwar Mahila Mandal | Shri Shanti Gurudev Bhakt Pariwar Shri Sumatinath Digambar Jin Chaiyalaya, Vip Road | Shri Suswani Mataji Mandir, More Khana Trust, Bikaner | Shri Tribhuvan Jain Swetambar Murti Pujak Sangh Shri Veer Seva Dal, Bandel | Shrimad Rajchandra Atam Tatva Reserch Centre | Shrimad Rajchandra Atam Tatva Reserch Youth Wings Shrimad Rajchandra Mission Dharampur Centre | Shrimad Rajchandra Mission Youth Wings | Siddhayatan Sammedsikharji | Sneh Prayas | South Kolkata Mahila Mandal |South Kolkata Shri Jain Shwetambar Terapanthi Sabha Kolkata | Sree Digambar Jain Tirth Sarakshini Mahasabha, Paschim Bangal | Sree Parasnath Digambar Jain Upvan Mandir-Belgachia | Sri 1008 Shanti Nath Digambar Jain Mandir-Kankurgachi | Sri Digambar Jain Samaj Kharida Kharagpur | Sri Digamber Jain Muni Sangh Vyawastha Samity-Kolkata | Sri Digamber Jain Naya Mandir | Sri Nandam Prabhu Chaitya, Liluah | Sri Parashnath Digambar Jain Chaityalaya-Chandiwala Sri Vasupujya Dadgabar Jan CHAITYALAYA, Ghusri | Star 21 Morning Walkers Friends Group | Sumati Mahila Mandal | Sumati Shaswat | Suparas Mahila Mandal Suprabhat Mahila Mondal,Dobson Road | Sushil Bahu Mandal | Terapanth Mahila Mandal (South Howrah) | Mitra Parishad| Terapanth Mahila Mandal Tollygunge Terapanth Yuvak Parishad (Behala) | Terapanth Yuvak Parishad (Hindmotors) | Terapanth Yuvak Parishad (Kolkata Main) | Terapanth Yuvak Parishad (Liluah) Terapanth Yuvak Parishad (Uttar Howrah) | Terapanth Yuvak Parishad (Purvanchal) | Terapanth Yuvak Parishad (South Howrah) Terapanth Yuvak Parishad (South Kolkata) | Terapanth Yuvak Parishad (Tollygunge) | Terapanth Yuvak Parishad (Uttar Kolkata) | The Gujarat Club (Culcutta) The Gujarati Relief Society | Tolly Ladies Forum | Tollygunge Murtipujak Sangh Kolkata | United V | Uttar Howrah Shri Jain Swetambar Murtipujak Sangh Wankaner Mitra Mandal | Mahavir Seva Sadan | Manav Sewa Sansthan | Terapanth Professional Forum - Kolkata & Howrah | Shree Jain Sangh

### PLATINUM SPONSORS

RDB GROUP — GOING TOGETHER GROWING TOGETHER
**SHEETAL VINOD DUGAR**

**SUSHILA BHIKHAM CHAND PUGALIA**

**SHREE SHWETAMBAR STHANAKVASI JAIN SABHA**

### GOLD SPONSORS

EVER GREEN
PUSHPA NIRMAL BINDAYAKA JAIN

PROGETTO
RAJUL RAJENDRA BHANMAL JAIN

Saraogi
RAMESH KR ANIL KR SARAOGI (SARAOGI UDYOG FOUNDATION)

essence infinite possibilities
VINEET SHELLY JAIN JHANJHARI

वर्ष 10, पूर्णांक 4200 अंक 010, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in